

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 2 जुलाई 2026 ■ आषाढ़, कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष -42 ■ अंक-095 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 03 जुलाई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## 30 दिन जेल में रहे तो पीएम-सीएम की कुर्सी जाएगी

### मानसून सत्र में दोबारा पेश होगा 130वां संविधान संशोधन बिल

**नई दिल्ली,2 जुलाई।** पीएम-सीएम और मंत्रियों को हटाने वाला 3 बिल मानसून सत्र में दोबारा संसद में पेश हो सकता है। केंद्र सरकार इसी मानसून सत्र में पीएम-सीएम को हटाने वाला बिल' ला सकती है। सूत्रों के मुताबिक विवादित 130वें संविधान संशोधन बिल की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट को मंजूरी दे सकती है। इस बिल का मकसद गंभीर अपराधों के लिए लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रखे गए मंत्रियों और पीएम/सीएम को पद से हटाना है।

गृहमंत्री अमित शाह ने इससे जुड़े 3 बिलों को पिछले मानसून सत्र में संसद के दोनों सदनों में रखा था, जिसके बाद इसे इन्हें जेपीसी को भेजने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया था। 130वें संविधान संशोधन बिल के मुताबिक अगर कोई प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री या राज्य मंत्री किसी गंभीर अपराध के मामले में गिरफ्तार होने के बाद लगातार 30 दिन तक न्यायिक हिरासत में रहता है, तो उन्हें पद छोड़ना होगा। ओडिशा से भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी की अध्यक्षता वाली संयुक्त संसदीय समिति



इस विधेयक की जांच कर रही है और उम्मीद है कि यह समिति 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट अपना लेगी। इसके बाद, 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में इसे चर्चा और पारित करने के लिए लाया जा सकता है। जबकि कांग्रेस सहित 'इंडिया' गठबंधन के अधिकांश सदस्यों ने इस कार्यवाही का बहिष्कार किया था। उनका तर्क था कि इसमें शामिल होने का कोई फायदा नहीं है क्योंकि सत्ताधारी पार्टी विपक्ष की चिंताओं को नजरअंदाज कर देगी और बिल को मंजूरी दिलाने के लिए समिति का इस्तेमाल केवल एक 'रबर स्टैम्प' के तौर पर करेगी।

130वें संविधान संशोधन विधेयक, 2025 के प्रावधानों के अनुसार, अगर कोई मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री किसी ऐसे अपराध का आरोपी है जिसमें 5 साल या उससे अधिक की सजा हो सकती है और वह 30 दिनों तक हिरासत में रहता है, तो उसे पद छोड़ना होगा। यह निष्कासन या तो राष्ट्रपति/राज्यपाल के निर्देश पर होगा या फिर हिरासत के 31वें दिन अपने आप स्वतः प्रभावी हो जाएगा।

विपक्ष के कई दलों ने इस समिति से दूरी बना ली है। विपक्षी नेताओं का कहना है कि ये विधेयक कानून के उस बुनियादी सिद्धांत के खिलाफ हैं, जिसमें किसी व्यक्ति को तब तक निर्दोष माना जाता है जब तक उसका दोष साबित न हो जाए।

विपक्ष का तर्क है कि यह कानून प्राकृतिक न्याय के मूल सिद्धांत का उल्लंघन करता है क्योंकि इसमें जन प्रतिनिधियों को दोषी ठहराए जाने के बजाय केवल हिरासत में रखे जाने के आधार पर दंडित किया जाता है। मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने की संभावना है। रिपोर्ट मंजूर होने के बाद, केंद्र सरकार बिल को केंद्रीय कैबिनेट के सामने मंजूरी के लिए रखने से पहले पैनल की सिफारिशों पर विचार करेगी।

### भाजयुमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने छोड़ी पार्टी

**रायपुर,2 जुलाई।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने पार्टी से नाता तोड़ लिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा पत्र पार्टी के मंडल अध्यक्ष रमेश होता को पत्र लिखकर अपना इस्तीफा भेजा है। इस्तीफा पत्र में रवि भगत ने निजी कारणों का हवाला देकर बीजेपी छोड़ने की वजह बताई है। जानकारी के मुताबिक, रायगढ़ के लैलूंगा क्षेत्र से जुड़े भाजपा नेता रवि भगत ने पार्टी के इस्तीफा पत्र को लेकर प्रदेश की राजनीति में इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। उन्होंने लिखा है कि एक छोटे से गांव के कार्यकर्ता होने के बावजूद भाजपा ने उन्हें पहचान और सम्मान दिया। जिसके लिए वे पार्टी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। हालांकि, उन्होंने इस्तीफे में सिर्फ 'निजी कारणों' का जिक्र करते हुए भाजपा की प्राथमिक सदस्यता छोड़ने का फैसला लिया है। बता दें कि युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी से हटने के बाद रायगढ़ के लैलूंगा क्षेत्र में सक्रिय थे। इस दौरान उनके साथ क्या कुछ हुआ अभी कुछ भी बातें स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं इस्तीफा पत्र की प्रतिलिपि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष को भी भेजी है। 1 जुलाई को रवि भगत ने सोशल मीडिया के जरिए पार्टी से इस्तीफा पत्र की जानकारी दी। वहीं आज यह पत्र वायरल हो रहा है। इधर इस मामले में अभी तक पार्टी के किसी भी नेता का बयान सामने नहीं आया है।

### रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला, कीव में 28 धमाके

**मास्को,2 जुलाई।** रूस ने यूक्रेन पर हमला और तेज कर दिया है। रूस ने यूक्रेन पर बड़ा हमला किया है। पिछले 24 घंटे में यूक्रेन में रूस पर कई बार ताबड़तोड़ हमला किया है। राजधानी कीव में ही 28 जगह धमाके हुए हैं। मलों में सैन्य ठिकानों, ड्रोन निर्माण केंद्रों, एयरफील्ड नेटवर्क और ईंधन भंडारण सुविधाओं को निशाना बनाया गया। हमलों में कई लोगों की मौत और दर्जनों के घायल होने की खबर है। हमलों की गंभीरता को देखते हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अपनी आयरलैंड यात्रा बीच में ही छोड़कर तुरंत कीव लौट आए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, उसकी सेना ने राजधानी कीव समेत कई इलाकों में हाई-प्रिसिजन मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए। ओडेशा में स्थित एक ड्रोन कॉम्पलेक्स को निशाना बनाकर तबाह कर दिया गया। रूस के मुताबिक इसी केंद्र में तैयार किए जा रहे ड्रोन का इस्तेमाल उसकी ऑयल रिफाइनरियों और दूसरे अहम ठिकानों पर हमलों के लिए किया जा रहा था।

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को पैसे की रिकवरी का आदेश देने का अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

**बिलासपुर,2 जुलाई।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सलाहकार और सिफारिश करने वाली संस्था है। उसे कमर्शियल विवाद में पैसे की रिकवरी का आदेश देने का अधिकार नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि हालांकि "छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1995" के तहत आयोग की सलाह आमतौर पर राज्य सरकार के लिए बाध्यकारी हो सकती है, लेकिन वह असल में रिकवरी का आदेश जारी करके किसी सक्षम अधिकारी की शक्तियों का इस्तेमाल नहीं कर सकती। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा 23 सितंबर 2022 को जारी आदेश को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद सुनवाई कर रहे थे। याचिकाकर्ता कमला मोटर्स ने 21 लाख रुपये में एक हार्वेस्टर बेचने का सौदा किया। इसके लिए 30,000 रुपये का एडवांस दिया गया। चूंकि तय समय के भीतर बैंक फाइनेंस का इंतजाम नहीं हो सका और कोविड-19 महामारी के कारण डिलीवरी में भी देरी हुई, इसलिए यह सौदा पूरा नहीं हो सका। हालांकि प्रतिवादी को फाइनेंस मिलने के बाद गाड़ी डिलीवरी के लिए उपलब्ध करा दी गई, लेकिन रेस्पॉन्डेंट ने सौदा रद्द किया और उसके बाद आयोग सहित कई अधिकारियों के पास शिकायतें दर्ज कराईं। आयोग ने कलेक्टर को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ता से 1,26,500 रुपये वसूलें और यह रकम खरीदार को दें। याचिकाकर्ता का तर्क था कि आयोग को पैसे की रिकवरी का आदेश देने का कोई अधिकार नहीं है और अधिनियम, 1995 के तहत उसकी शक्तियां केवल सिफारिश करने तक सीमित हैं। "छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1995" की धारा 9 का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि आयोग के काम मुख्य रूप से सलाहकार और सिफारिश करने वाले स्वभाव के हैं। कोर्ट ने कहा कि हालांकि आयोग की सलाह आमतौर पर राज्य सरकार के लिए बाध्यकारी होती है, लेकिन कानून उसे न्यायिक शक्तियां नहीं देता है। विभिन्न पुराने फैसलों का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि जांच या पूछताछ के मकसद से सिविल कोर्ट की कुछ शक्तियां दिए जाने से आयोग सिविल कोर्ट नहीं बन जाता।

## कैप्सूल वाहन ने बाइक को मारी टक्कर,दो की मौत

**बलौदाबाजार,2 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में बीती रात भीषण सड़क हादसा हुआ है, जहां कैप्सूल वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो शराब कर्मचारियों की मौत हो गई है। घटना के बाद पलारी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान सत्यप्रकाश सोनवानी (34 वर्ष, पिता उत्तरा कुमार, निवासी खोरसीनाला लवन रोड) और गोपी किशन आडिल (25 वर्ष, पिता तुम्मन आडिल, निवासी ग्राम सोनपुरी) के रूप में हुई है। दोनों ही मृतक सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के रहने वाले थे और पलारी थाना क्षेत्र के संडी स्थित शराब दुकान में कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। बुधवार की रात पलारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम घोटिया के पास कैप्सूल वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



## कमजोर मानसून पर सीएम साय का किसानों को बड़ा दिलासा

### साथ खड़ी है सरकार, बारिश के हिसाब से करें खेती का प्लान

**रायपुर,2 जुलाई।** अल नीनो के असर से मानसून के कमजोर होने पर मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि किसानों के साथ सरकार है। मौसम विभाग ने पहले से ही बता दिया है कि मानसून कमजोर रहेगा। हम भी किसानों को लगातार अवगत करा रहे हैं कि मानसून के हिसाब से खेती-किसानी की योजना बनाएं। जांजगीर चांपा और सक्ती के दौरे पर रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा में कहा कि आज सक्ती जा रहे हैं, वहाँ पर भाजपा जिला कार्यालय का भूमिपूजन है। इस दौरान मंत्रालय में गत दिवस हुई समीक्षा बैठक के संबंध में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस साल के बजट में पाँच मिशन बनाये हैं, उसमे एक एआई मिशन भी है। जिस तरह से एआई की उपलब्धता हर क्षेत्र में बढ़ रही है, उसके प्रभावी उपयोग पर चर्चा हुई है। चरण पादुका को लेकर जारी टेंडर पर हाईकोर्ट के रोक लगाए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि संज्ञान लिए हैं।

पिछली कांग्रेस सरकार में योजना बंद हुई थी. अब हमारी सरकार ने फिर से शुरू किया है. लगातार हर साल इसका लाभ देंगे.

वहीं आईआईएम में 4 और 5 जुलाई को होने वाले चिंतन शिविर के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि चिंतन शिविर का यह तीसरा साल होगा. गुड गवर्नेंस को लेकर चर्चा होगी. सरकार के कामकाज पर फोकस रहेगा. उससे सरकार चलाने में बहुत मदद मिलती है.

## सीसी रोड नहीं बनने से नाराज भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने किया चक्काजाम

**गरियाबंद,2 जुलाई।** अपने गृह ग्राम में सीसी सड़क नहीं बनने से नाराज भाजयुमो जिला अध्यक्ष सैकड़ों ग्रामीणों के साथ हाइवे जाम कर दिया। समर्थन में पहुंचे कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने गांव का जायजा लेकर कहा कि जब अपने नेताओं के गांव दुरुस्त नहीं करा पा रही भाजपा सरकार, तो हमारा क्या होगा? जिले के देवभोग थाना क्षेत्र में पड़ने वाले मुड़ागांव में आज सैकड़ों महिला-पुरुष नेशनल हाइवे 130 सी को जाम कर दिया था। हालांकि, पहले से भारी संख्या तैनात पुलिस ने भीड़ को ज्यादा देर तक हाइवे में टिकने नहीं दिया। पुलिस प्रदर्शन कारियों को हाइवे से एक घंटे के भीतर खदेड़ने में कामयाब हो गई। दरअसल, मुड़ागांव के आश्रित पारा करलाकोट में पिछले दो साल से ग्रामीण सीसी सड़क की मांग करते आ रहे हैं। बारिश के दिनों में गांव कीचड़ से लथपथ हो जाता है। मेडिकल इमरजेंसी में एंबुलेंस और अन्य वाहन गांव में नहीं घुस पाती, इतना ही नहीं पूरी बारिश स्कूली बच्चे भी परेशान होते हैं। हैरानी की बात है कि यह गांव भाजयुमो जिला



अध्यक्ष हेमंत नागेश का है। नागेश के नेतृत्व में ही ग्रामीण हाइवे जाम किया। नागेश ने प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए समस्याओं के निराकरण में आवेदकी करने का आरोप भी लगाया है। नागेश ने कहा जितनी तत्परता से प्रशासन हमे हटाने पहुंची अगर उतनी तत्परता हमारी समस्या के निदान में लगा देती तो आज यह नौबत नहीं आती।भाजयुमो जिला अध्यक्ष को सड़क में बैठे देख कांग्रेस भी सक्रिय हो गई। हमदर्दी दिखाने कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा प्रदर्शन स्थल पहुंचे, हालांकि उनके पहुंचने से पहले ही पुलिस ने भीड़ हटा दी थी। बेसरा ने मौका देखते ही भाजपा सरकार के विकास के दावे को ढाकोसला बता दिया। उन्होंने कहा कि सत्तासीन संगठन के लोगों को विकास कार्यों की मांग के लिए धरने पर बैठने की नौबत आ गई है, फिर यह कैसा विकास है। तहसीलदार अजय चंद्रवंशी ने कहा कि हाइवे से प्रदर्शनकारियों को हटाया गया है। रास्ता बहाल कर दिया गया है। उनसे मांग पत्र लिया गया, जिसे उच्च कार्यालय के माध्यम से प्रशासन को अवगत करा दिया जाएगा।

## स्कूल में शराब की टूटी बोतल से लहूलुहान हुआ बच्चा

**धमतरी,2 जुलाई।** जिले के कोलियारी स्थित शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। इसका जीता जागता उदाहरण तब देखने को मिला, जब स्कूल का एक मासूम शराब की टूटी हुई बोतल की चपेट में आकर लहूलुहान हो गया। इस मामले में कार्रवाई नहीं होने और लापरवाही से नाराज ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर ने इसे बेहद गंभीर विषय बताते हुए स्कूल प्रिंसिपल को शोकॉज नोटिस जारी करने की बात कही है।



बताया जा रहा है कि पिछले कई सालों से कोलियारी के इस स्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों का कब्जा सा हो गया है। दिन ढलते ही यहां मदिरापान का दौर चलता है चोरी के साथ ही तोड़फोड़ की घटनाएं आम हो चुकी हैं। शराब की खाली बोतलें और टूटे कांच स्कूल कैंपस में बिखरे रहते हैं, जिसकी चपेट में आकर एक बच्चा घायल हो गया। अभिभावकों और ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल के प्रिंसिपल ने इस गंभीर मामले पर न तो कोई कार्रवाई की और न ही अपना पक्ष रखने के लिए सामने आए हैं। इस लापरवाही से अब अभिभावकों और ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया है। ग्रामीणों ने खुलकर अपना आक्रोश जाहिर किया है और स्कूल में बढ़ रहे इन अत्याचारों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पूरे मामले के तूल पकड़ने के बाद अब प्रशासन हरकत में आया है। कलेक्टर ने इसे बेहद गंभीर विषय बताते हुए स्कूल प्रिंसिपल को शोकॉज नोटिस जारी करने की बात कही है। अब देखना यह होगा कि क्या प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद स्कूल का माहौल सुरक्षित हो पाएगा या फिर मासूमों का भविष्य इसी तरह दांव पर लगा रहेगा।

## बिजली गिरने से 6 साइबेरियन पक्षियों की मौत

**कोरबा,2 जुलाई।** कोरबा जिले के रामपुर गांव के इमली पेड़ पर आशियाना बनाए 6 साइबेरियन पक्षियों की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई. इन विदेशी पक्षियों को शुभ मानने वाले ग्रामीणों में घटना के बाद से दहशत का माहौल है. कोरबा जिले के करतला वनमण्डल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर गांव में हर साल हजारों किलोमीटर का सफर तय कर साइबेरियाई पक्षी अपना आशियाना बनाते हैं. बरसात के दौरान गांव में रहने वाले ये साइबेरियाई पक्षी अपना परिवार बढ़ाते हैं. बच्चों के पंखों में ताकत आने के बाद फिर से अपने घर की ओर उड़ान भरते हैं. इन पक्षियों का आना ग्रामीण शुभ मानते हैं. उनका मानना है कि इन पक्षियों के आने से गांव में खुशहाली और अच्छा मौसम आता है। लेकिन यह साल इन पक्षी समूह में से चंद पक्षियों के लिए अच्छा नहीं रहा. गरज-चमक के साथ हुई बारिश के दौरान इमली के पेड़ पर बिजली गिरने से उसमें बसेरा बनाए छह पक्षियों की मौत हो गई. ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम आगे की कार्रवाई में जुट गई है. वहीं ग्रामीण इस बात से अचंभित हैं कि गांव में तड़ित चालक लगे होने के बाद भी कैसे पेड़ पर बिजली गिर गई. वे तड़ित चालक की जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं, जिससे आने वाले दिनों में इस तरह की दुर्घटना न हो.



## 'छात्रों को दफ्तर-दफ्तर नहीं भटका सकते'

### जाति प्रमाण-पत्र पर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

**बिलासपुर,2 जुलाई।** हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जाति प्रमाण-पत्र के लिए आवेदकों को वर्षों तक इंतजार कराने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अंबिकापुर के दो छात्रों की ओर से दायर अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने संबंधित तहसीलदार और सक्षम अधिकारियों को निर्देश दिया है कि स्थायी जाति प्रमाण-पत्र के लंबित आवेदनों पर 30 दिनों के भीतर नियमानुसार निर्णय लिया जाए। न्यायमूर्ति अमितेंद्र किशोर प्रसाद की एकलपीठ ने यह आदेश मोहसिन अली और सिमरन बानो की याचिकाओं का निराकरण करते हुए दिया। दोनों याचिकाकर्ताओं ने 'दर्जी' (मुस्लिम) जाति के लिए स्थायी जाति प्रमाण-पत्र जारी करने की मांग की थी। याचिकाकर्ता मोहसिन अली की ओर से बताया गया कि उन्हें वर्ष 2022 में अस्थायी जाति प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, लेकिन स्थायी प्रमाण-पत्र के लिए किया गया आवेदन अब तक लंबित है। इसके कारण उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को मिलने वाले शैक्षणिक और वैधानिक लाभ प्राप्त करने में परेशानी हो रही है। वहीं सिमरन बानो ने अदालत को बताया कि उनके पास भी वर्ष 2022 में जारी अस्थायी प्रमाण-पत्र है और उनके पिता का जाति प्रमाण-पत्र वर्ष 1997 से बना हुआ है। इसके बावजूद स्थायी प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया जा रहा, जिससे उनकी पढ़ाई और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावित हो रहा है।

सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से भी आवेदन के शीघ्र निराकरण पर सहमति व्यक्त की गई। इसके बाद हाई कोर्ट ने मामलों का अंतिम निराकरण करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि आवेदन पर निर्णय लेने से पहले आवेदकों को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया जाए।

## बस्तर की शिक्षा व्यवस्था में होगा बड़ा बदलाव: शिक्षा मंत्री

**रायपुर,2 जुलाई।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने बस्तर संभाग की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने के उद्देश्य से बस्तर कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में स्कूलों की वर्तमान स्थिति, विद्यार्थियों की पढ़ाई, शिक्षकों की उपस्थिति, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और शैक्षणिक गुणवत्ता समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि बस्तर के समग्र विकास को मजबूत नींव बेहतर शिक्षा से ही रखी जा सकती है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूरस्थ और अंदरूनी क्षेत्रों के बंद या कमजोर पड़ चुके विद्यालयों को दोबारा सक्रिय बनाने की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। साथ ही विद्यार्थियों और शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक माहौल विकसित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। मंत्री ने निर्देश दिए कि गणित, हिंदी और अंग्रेजी विषयों की पढ़ाई तय कैलेंडर, विद्यालयवार योजना और विषयवार समय सारणी के अनुसार कराई जाए। इसके साथ ही नियमित रिवीजन टेस्ट लेकर बच्चों की सीखने की क्षमता का लगातार आकलन किया जाए। समीक्षा के दौरान आधार बेस ऐप के माध्यम से विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति तथा वीएसके ऐप के जरिए शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति की जानकारी ली गई। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो अधिकारी या कर्मचारी निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करेंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। जिन विद्यालयों में नेटवर्क की समस्या है, उनकी सूची कलेक्टर के माध्यम से उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में शिक्षा विभाग के ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों की स्थिति की भी समीक्षा की गई जो अन्य विभागों में पदस्थ हैं। मंत्री ने निर्देश दिए कि ऐसे सभी कर्मचारियों को उनकी मूल पदस्थापना पर वापस भेजने की प्रक्रिया का सख्ती से पालन कराया जाए।

शिक्षा मंत्री ने बसाहटवार प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति, नए स्कूलों की आवश्यकता, बंद विद्यालयों को दोबारा शुरू करने की योजना और बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों के आधार पर नियमित यूनिट टेस्ट और तिमाही परीक्षाएं आयोजित की जाएं, ताकि बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकें। कमजोर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक लेकर सुधारात्मक कदम उठाने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में विद्यार्थियों के नामांकन, उपस्थिति, ड्रॉपआउट, शिक्षकों की उपलब्धता, रिक्त पदों, युक्तियुक्तकरण, स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालयों की कार्ययोजना और गैप एनालिसिस की समीक्षा की गई। इसके अलावा छात्रवृत्ति, गणवेश, पाठ्यपुस्तक वितरण, सरस्वती सायकल योजना, मध्याह्न भोजन, न्यौता भोजन और स्कूल भवनों के निर्माण कार्यों सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति का भी आकलन किया गया।मंत्री यादव ने स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालयों को पीएम श्री स्कूलों की तर्ज पर विकसित करने के निर्देश दिए।

# सर्व धर्म सेवा संस्था ने अंगदान को जन-आंदोलन बनाने सीएम साय से की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 जुलाई।** सर्वधर्म सेवा संस्था के संरक्षक इंद्रजीत सिंह छोटू के सहयोग एवं मार्गदर्शन में संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट कर पूरे छत्तीसगढ़ में अंगदान एवं देहदान को जन-आंदोलन के रूप में चलाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 16 बिंदुओं का विस्तृत सुझाव-पत्र सौंपते हुए आग्रह किया कि अंगदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाए।



साथ ही संस्था ने यह भी मांग रखी कि अंगदान करने वाले दाताओं को मरणोपरांत राजकीय सम्मान प्रदान किया जाए, ताकि समाज में अंगदान के प्रति सम्मान और प्रेरणा का वातावरण तैयार हो सके। संस्था का कहना है कि शासन, चिकित्सा संस्थानों, सामाजिक संगठनों और आमजन के संयुक्त प्रयास से छत्तीसगढ़ न केवल हजारों जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन देने में सफल होगा, बल्कि अंगदान एवं देहदान के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में भी शामिल हो सकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और इस दिशा में सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। संस्था ने इसके लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

### ग्रामीणों की मांगें हुई पूरी, थनौद के किसानों ने जताया आभार

**दुर्ग, 2 जुलाई ।** भारतमाला सड़क परियोजना के अंतर्गत ग्राम थनौद से जुड़ी लंबे समय से लंबित महत्वपूर्ण मांगों का समाधान होने पर ग्रामीणों और किसानों ने जनदर्शन में पहुंचकर कलेक्टर अभिजीत सिंह का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीण कृषकों ने बताया कि आवागमन को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए अंडरब्रिज की ऊंचाई बढ़ाने जनदर्शन में मांग की जा रही थी।

# मानसून से पहले जलभराव रोकने नालियों की सफाई युद्धस्तर पर कराई जा रही



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 जुलाई।** नगर निगम ने मानसून के दौरान शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन-2 वैशाली नगर के सभी संवेदनशील वार्डों में नालियों की सफाई, चोक पॉइंट खोलने और वर्षा जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। निगम की स्वास्थ्य विभाग एवं जोन की टीमों ने ऐसे स्थानों की पहचान की है, जहां पूर्व वर्षों में जलभराव की स्थिति बनती रही है। इन क्षेत्रों में नालियों के चोक पॉइंट खोले जा रहे हैं, ताकि वर्षा जल बिना किसी अवरोध के मुख्य नालियों तक पहुंच सके। जहां प्राकृतिक जल निकासी बाधित है, वहां रेनकट (कच्ची नाली) बनाकर पानी की निकासी सुनिश्चित की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में सफाई कर्मी लगातार फील्ड में तैनात हैं। नालियों में जमा गाद, प्लास्टिक, कचरा एवं अन्य अवरोधों को हटाने का कार्य निरंतर जारी है। अधिकारी नियमित निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त श्रमिक और संसाधन भी लगाए जा रहे हैं। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियों को बारिश के दौरान जल निकासी व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में जलभराव की संभावना है, वहां पहले से सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं तथा शिकायत मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि निगम का उद्देश्य मानसून के दौरान शहर को जलभराव से मुक्त रखना, यातायात को सुचारू बनाए रखना और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा से बचाना है।

## एक नजर

### चोरी के मामले में पांच लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 2 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई चोरी के तीन प्रकरणों का उतई पुलिस ने 10 घंटे के भीतर ही खुलासा कर दिया है त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनके पास से तीन मोटर पंप एवं केबल वायर सहित कुल 37,000 रुपए का सामान बरामद किया गया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है उतई पुलिस ने बताया कि 26 एवं 27 जून के मध्य अज्ञात आरोपियों द्वारा मोटर पंप एवं केबल वायर चोरी किए जाने की घटनाएं शिवपारा वार्ड 18 ग्राम पुरई, मदन ईट भट्ठा के पीछे ग्राम पुरई तथा उतई मेन रोड स्थित पोल्ट्री फार्म ग्राम पुरई में की गई थी। तीनों ही मामले में उतई पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303 (2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया था मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की टीम में घटनास्थल का निरीक्षण किया एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेहियों से पूछताछ की उतई थाने पुलिस ने मात्र 10 घंटे के भीतर तीनों चोरी के प्रकरणों का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी के मामलों में पुलिस ने आरोपी चेतन लाल ओझा, शंकर साहू, सन्नी राजपूत, कृष राजपूत, दुष्यंत साहू सभी निवासी वार्ड क्रमांक 17, शिवपारा ग्राम पुरई थाना उतई को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### कोविड-19 में अनाथ हुए बच्चों से कलेक्टर ने किया संवाद, पढ़ाई और भविष्य पर की चर्चा

**दुर्ग, 2 जुलाई ।** कोविड-19 महामारी के दौरान अपने माता-पिता को खो चुके दस बच्चों (प्रीति टंडन, करीना टंडन, स्पनिल बोस, दुष्यंत कुमार साहू, जयंत कुमार साहू, वैभव बंजारे, सुल्ताना खान, यमुना ठाकुर, जय ठाकुर, रविन्द्र कुमार टंडन) से कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज आत्मीय मुलाकात कर संवाद किया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत करते हुए उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली।कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चों से उनके वर्तमान विद्यालय, पढ़ाई की स्थिति और रुचियों के बारे में विस्तार से पूछा। उन्होंने यह भी जाना कि बच्चे भविष्य में क्या बनना चाहते हैं और किस क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। उन्होंने छात्रवृत्ति की उपलब्धता और शासन द्वारा दी जा रही अन्य सहायता योजनाओं के बारे में भी बच्चों से सीधे जानकारी ली। भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पीएम केयर्स में लाभान्वित बालक/बालिकाओं को स्पांसरशिप योजना, महतारी दुलार योजना, एक्सग्रेसिया (आपदा प्रबंधन राहत कोष ), 23 वर्ष पूर्ण होने पर एकमुश्त 10 लाख रूपए की राशि, कक्षा पहली से 12वीं तक अध्ययनरत लाभार्थियों को प्रति वर्ष 20 हजार रूपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को सभी बच्चों के आधार कार्ड, बायोमेट्रिक अपडेट, 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं के वोटर आईडी कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने सभी बच्चों से उनकी वर्तमान पढ़ाई और शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली। बच्चों ने अपने-अपने अध्ययन और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान कलेक्टर ने उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने, लक्ष्य निर्धारित करने तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास के अधिकारी श्री अजय साहू, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमती प्रीति डांगरे, परियोजना समन्वयक श्री चंद्रप्रकाश पटेल, जिला बाल संरक्षण ईकाई के कर्मचारी उपस्थित थे।

# मोहलाई में शाला प्रवेशोत्सव मनाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 2 जुलाई।** बघेरा संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव शासकीय हाई स्कूल मोहलाई में आयोजित किया गया। संकुल के अंतर्गत शाला,बघेरा, कोटनी एवं मोहलाई के नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को गुलाल, पुष्प से स्वागत कर मिष्ठान्न एवं पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया।इस अवसर पर संकुल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघेरा के निवर्तमान प्राचार्य घनश्याम सिंह बंछोर ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारवान बनाकर राष्ट्र भक्त नागरिक बनाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। बच्चों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला को जन्म दिन पर स्वनिर्मित पुष्पगुच्छ भेंट किया, जिससे अभिभूत होकर बी ई ओ ने कहा बच्चे कच्चे मिट्टी का लोंडा होते हैं, शिक्षक ही उन्हें सुंदर मूर्ति जैसा आकार देता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र कुमार निषाद सरपंच मोहलाई ने बताया कि शिक्षा के लिए पालकों में जागरूकता जरूरी है बच्चों को नियमित शाला भेजना पालकों की जिम्मेदारी है। प्राचार्य लखन लाल साहू ने कहा कि निवर्तमान संकुल प्राचार्य घनश्याम सिंह बंछोर आदर्श छात्र, आदर्श व्याख्याता एवंआदर्श प्राचार्य रहे हैं वे हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेंगे। बी ई ओ विनोद शुक्ला को जन्म दिन पर शाला एवं संकुल की ओर से बधाई दिए।स्वागत भाषण मुख्य आयोजक संकुल समन्वयक हरीश देवांगन ने किया। जनपद सदस्य राजेंद्र कुमार ठाकुर ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रधान पाठक गीताजंली तिवारी ने किया। समारोह में व्याख्याता लक्ष्मी एस प्रसाद, अशोक कुमार साहू, अनिल कुमार मिंज, ज्योति ठाकुर, दानेश्वर साहू, दीपक ठाकुर, गौरी दुबे, अंजलि साहू, हेमंत देवांगन, प्रीतम यादव, तिलक सेन, द्रोपदी साव एवं संकुल के अधीन सभी संस्था के प्रमुख एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को सामूहिक भोज एवं मिष्ठान्न दिया गया।

# बेन्दरी के कबड्डी खिलाड़ियों ने प्रणव शर्मा के नेतृत्व में सांसद का आभार व्यक्त किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 2 जुलाई।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेन्दरी के कबड्डी



खिलाड़ीयों ने लगातार कबड्डी खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, परंतु उचित खेल मैदान के अभाव में प्रैक्टिस करने में दिक्कत हो रही थी जिसके लिए कबड्डी खिलाड़ीयों ने जनपद पंचायत पाटन के सभापति प्रणव शर्मा के माध्यम से सांसद विजय बघेल जी से कब्बड्डी मेट की माँग रखे, जिसे सांसद महोदय के द्वारा खिलाड़ियों की जरूरत को ध्यान रखते हुए यथाशीघ्र कब्बड्डी मेट प्रदान किया गया।

सांसद महोदय के द्वारा खिलाड़ियों को प्रदत्त कब्बड्डी मेट का उपयोग करके खिलाड़ी अपने अभ्यास में निरंतरता लाने में सफल होंगे और आगे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ेंगे। कबड्डी खिलाड़ीयों ने मेट प्राप्ति से हर्ष व्यक्त करते हुए प्रणव शर्मा के नेतृत्व में सांसद महोदय का सांसद बंगला सेक्टर फाइव भिलाई पहुंचकर आभार व्यक्त किया, साथ ही ग्राम रवेली के कबड्डी खिलाड़ीयों ने भी कबड्डी मैट की मांग रखी है।इस अवसर पर प्रशांत शर्मा, ताराचंद वर्मा, रवि साहू, विद्यासागर निषाद, विमल साहू, कामेश, खोमेश्वर, हेमंत, प्रवीन, खिलेश्वर, नमन, बड़ी संख्या में ग्रामवासी व कब्बड्डी खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर मारपीट,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 2 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रार्थी ने थाना भिलाई नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि तेलगु मोहल्ला निवासी डी. अजय ने रास्ता रोककर शराब पीने के लिए पैसे की मांग की।



प्रार्थी द्वारा पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर भिलाई नगर पुलिस ने विवेचना में लिया है। विवेचना के दौरान थाना भिलाई नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी डी. अजय (30 साल ) निवासी सेक्टर-06, भिलाई को गिरफ्तार किया है ।

# उद्यमी मनीष पारख को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 जुलाई।** शहर के उद्यमी मनीष पारख को सामाजिक दायित्वों एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले के हाथों प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद मनीष पारख ने इसे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का सम्मान बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी सहयोगियों और शुभचिंतकों की प्रेरणा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उनकी सेवाएं निरंतर जारी रहेंगी। मनीष पारख ने व्यापार के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए लाइफ केयर डायग्नोस्टिक्स के माध्यम से निशुल्क चिकित्सा शिविर, पिछले सात वर्षों से निःशुल्क एंबुलेंस सेवा, हेल्थ कार्ड अभियान, स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम, शहर के प्रमुख चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण तथा ट्रैफिक व्यवस्था सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। महावीर स्कूल के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यालय के विकास के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

# रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल के चार कार्मिकों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में कर्म शिरोमणि पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए इंजीनियरिंग एसोसिएट प्रदुमन सिंह, रोहित कुमार साहू, श्रवण कुमार कश्यप तथा जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट सन्नी दीपक कुल्लू को सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक एन. के. खरे ने पुरस्कार विजेताओं को स्मृति-चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए, वहीं उनके जीवन साथियों को भी प्रशंसा-पत्र एवं मिठाई कूपन देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान संगठन में नवाचार, सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्ट कार्य संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कर्मचारियों से सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुणवत्ता एवं उत्पादकता के नए मानक स्थापित करने का आह्वान किया। समारोह में महाप्रबंधक अरविन्द टंडन, आर. के. राजधर, एम. के. साहू, अजय वर्मा, उप महाप्रबंधक अभिलाष गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) अनुराधा साहा, सहायक प्रबंधक ईतवारी राम चैलक, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी जसबीर सिंह, राजेश बाबू एवं भुवन लाल साहू का विशेष योगदान रहा।

### लोहा चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 2 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई बीएसपी के अंदर लोहा स्क्रैप चोरी करने वाले को आरोपी सीआईएसएफ ने पकड़कर भट्ठी थाने पुलिस को सौंपा है भट्ठी टीआई प्रकाश कांत ने बताया कि क्षेत्र चेकिंग के दौरान दो व्यक्तियों को बिना रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट के स्कूटी पर संदिग्ध परिस्थितियों में चलते देखा गया। एक व्यक्ति स्कूटी पर सवार था, जब कि दूसरा बैक सीट पर बैठा था और नई नहर गेट की सीमा दीवार 02 टुकड़े लोहे के स्क्रैप ले जा उन्होंने देखा कि पुरानी नहर गेट के बीच संदिग्ध व्यक्ति स्कूटी पर रहे थे उनका पीछा किया गया पीछे सीट पर बैठा व्यक्ति मौके से भागने में कामयाब रहा।

# नेशनल फेडरेशन कप चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ महिला टीम रही उपविजेता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 जुलाई।** विल्लियनूर (पुडुचेरी) में 26 से 28 जुलाई तक आयोजित सेकेंड नेशनल फेडरेशन कप 3 ए साइड वॉलीबॉल चैंपियनशिप-2026 प्रतियोगिता में दिल्ली, पुडुचेरी, तेलंगाना, तमिलनाडु, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ की पुरुष एवं महिला टीमों ने हिस्सा लिया और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में मेजबान पुडुचेरी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जबकि छत्तीसगढ़ की टीम उपविजेता रही। उपविजेता बनने पर छत्तीसगढ़ महिला टीम को 25 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। छत्तीसगढ़ महिला टीम की ओर से मेनका राजभर, दिव्या, सुनिधि, साहिबा, शुभांगी एवं रेनुका ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम को फाइनल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खिलाड़ियों के संघर्ष, टीमवर्क और शानदार प्रदर्शन की खेल प्रेमियों एवं आयोजकों ने सराहना की। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की पुरुष एवं महिला टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

# डॉक्टर्स डे पर सेक्टर-9 हॉस्पिटल में वरिष्ठ चिकित्सकों का हुआ सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 जुलाई।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर समभाव सामाजिक समिति द्वारा जे.एल.एन. अस्पताल सेक्टर-9 में सम्मान समारोह आयोजित कर 24 वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार थे। समिति के संस्थापक-संरक्षक विमान भट्टाचार्य, श्रीमती बीना भट्टाचार्य सहित अनेक उपस्थित रहे। संचालन सुमन कनौजे ने किया। समिति के अध्यक्ष पिलेश कुमार ने स्वागत भाषण दिया। समिति ने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रिज़वी के निवास पहुंचकर



उनका भी सम्मान किया। समारोह में डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर, डॉ. उदय कुमार, डॉ. पी. मर्सी, डॉ. अन्नपूर्णा, डॉ. नित्य एस. कुजूर, डॉ. अरुण कुमार निकोसे, डॉ. त्रिनाथ दास, डॉ. वी.के. बंसल, डॉ. सम्बिता पांडा, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. प्राची मेने, डॉ. अमित नायक, डॉ. अविनाश अस्थाना, डॉ. संतोष नशीने, डॉ. सोनाली त्रिवेदी, डॉ. धीरज कुमार गुप्ता, डॉ. गुरमीत सिंह, डॉ. निशा ठाकुर, डॉ. तनुजा आनंद, डॉ. मनीष देवांगन, डॉ. रघुनन्दन बिसोई, डॉ. सर्वेश प्रधान, डॉ. दीपक कुमार दासमहापात्र तथा डॉ. विनीता द्विवेदी सहित अनेक चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा डॉ. के. गोपीनाथ, डॉ. अरविंद प्रकाश सावंत, डॉ. टिलेश खुसरो, डॉ. तृप्ति तिवारी एवं डॉ. लीना सिंह को भी चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि-साहित्यकार गोविंद पाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि अपने ज्ञान, सेवा और समर्पण से समाज को नया जीवन और विश्वास प्रदान करते हैं।

# ऑनलाइन 4 लाख की ठगी के मामले में 2 लोग गुजरात से गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 2 जुलाई।** वाट्सऐप से एपीके फाइल भेजकर बैंक खाते से 4 लाख से अधिक की ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो आरोपियों को भिलाई नगर थाने पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार किया है साइबर सेल की मदद से बैंक खातों, मोबाइल नंबरों एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन का विश्लेषण कर आरोपियों का लोकेशन ट्रेसकर दबोचा है भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि 25 फरवरी को प्रार्थी संजय झा निवासी सेक्टर-05, ने थाना भिलाई नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात मोबाइल नंबर से वाट्सऐप के माध्यम से एक संदेश मिला इस में एक एपीके फाइल भेजी गई थी। इस फाइल को डाउनलोड एवं इंस्टॉल करने के पश्चात उनके मोबाइल पर प्राप्त होने वाले ओटीपी एवं अन्य संदेश स्वतः अन्य नंबर पर फॉरवर्ड होने लगे। इसके फलस्वरूप उनके बैंक खाते से 4,02,728 की अनधिकृत ऑनलाइन निकासी कर साइबर ठगी की। शिकायत के आधार पर थाना भिलाई नगर में धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान साइबर सेल के तकनीकी सहयोग से बैंक खातों, मोबाइल नंबरों, डिजिटल ट्रांजेक्शन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया। तकनीकी जांच के आधार पर आरोपियों का लोकेशन गुजरात राज्य में प्राप्त होने पर थाना भिलाई नगर पुलिस की टीम तत्काल गुजरात रवाना हुई। तलाश कर दोनों आरोपियों अच्छे लाल यादव (37 साल ) निवासी सिलवासा, दादरा एवं नगर हवेली और जोखन प्रसाद यादव (49 साल ) निवासी सिलवासा, दादरा एवं नगर हवेली को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में एक से अधिक आरोपियों की संलिप्तता पाए जाने पर धारा 3(5) बीएनएस भी जोड़ी गई। गिरफ्तार आरोपियों को ट्रांजिट प्रक्रिया पूर्ण कर दुर्ग लाया गया है।

# एंकर के नाम से नकली उत्पाद बेचने पर दुकानदार गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 जुलाई ।** भिलाई छावनी पुलिस ने कॉपीराइट उल्लंघन और नकली ब्रांडेड इलेक्ट्रिक उत्पादों की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एंकर ब्रांड के नकली फैन रेगुलेटर बेचने वाले एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है पुलिस ने उसके कब्जे से 50,700 रुपये मूल्य के 169 नकली फैन रेगुलेटर जब्त किए हैं छावनी पुलिस ने बताया कि 30 जून को कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि कुलदीप सिंह ने थाना छावनी में लिखित शिकायत प्रस्तुत की शिकायत में बताया कि भिलाई के रोड नंबर-18 स्थित गणेश इलेक्ट्रिकल्स दुकान में एंकर ब्रांड के नाम से नकली उत्पाद बेचे जा रहे हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस टीम ने तकनीकी विशेषज्ञों के साथ गणेश इलेक्ट्रिकल्स में दबिश दी जांच के दौरान दुकान संचालक जयंत कुमार गुप्ता (48 साल ) निवासी कैलाश नगर से एंकर ब्रांड के उत्पाद प्रस्तुत करने को कहा गया। निरीक्षण में दुकान में रखे 169 नग कंपनी के नकली उत्पाद पाए गए। कंपनी के प्रतिनिधि और तकनीकी विशेषज्ञों की जांच में पुष्टि होने के बाद पुलिस ने पंचनामा तैयार कर नकली उत्पादों को जब्त कर लिया। जब दुकानदार से माल की खरीदी-बिक्री से संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई वैध बिल या अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका छावनी थाने पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 50,700 रुपये मूल्य के 169 नकली फैन रेगुलेटर जब्त कर सीलबंद किया जांच में पाया गया कि आरोपी एंकर ब्रांड के नाम और प्रतीक चिन्ह का अवैध उपयोग कर नकली उत्पाद बेचकर आर्थिक लाभअर्जित कर रहा था, जिससे कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंच रहा था। प्रकरण में आरोपी जयंत कुमार गुप्ता के विरुद्ध कॉपीराइट एक्ट 1957 की धारा 63 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

### 'अल मदद' के स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया

**भिलाई,2 जुलाई।** अलमदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से रक्त दान शिविर एवं दंत परीक्षण, नेत्र परीक्षण और सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 29 जून को मुस्लिम कम्युनिटी हॉल सेक्टर-6 में आयोजन किया गया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी दी और निःशुल्क स्वास्थय शिविर में परीक्षण करवाया। सोसाइटी की ओर से स्वास्थ्य शिविर के बाद शाम 5 बजे से औरतों की लिए तकरीर रखी गई थी।

# महापौर ने दिए शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत अवरोध पर त्वरित निराकरण के दिये निर्देश

**■ महापौर मधुसूदन यादव ने ली विद्युत मण्डल के अधिकारियों की बैठक**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 जुलाई।** महापौर मधुसूदन यादव आज अपने कक्ष में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की उपस्थिति में विद्युत मण्डल के अधिकारियो की बैठक लेकर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में हो रही विद्युत अवरोध के संबंध में जानकारी लेकर वार्ड की विद्युत व्यवस्था तथा मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के संबध में चर्चा किए। बैठक में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, विद्युत विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू एवं लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

महापौर यादव ने अधिकारियो से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर विद्युत प्रवाह में हो रहे अवरोध के संबंध में जानकारी लिए। उन्होंने कहा कि बसंतपुर क्षेत्र में गत दिनों विद्युत आपूर्ति बाधित हुई, जिससे लोग आक्रोशित हुए तथा विद्युत मण्डल के अधिकारियो द्वारा समय में उपस्थित नहीं होने, जल्द सुधार नहीं करने की भी शिकायत प्राप्त होती है, इस प्रकार की घटना न हो इसका विशेष ध्यान रखे और व्यवस्था दुरूस्त करे। उन्होने ग्रामीण क्षेत्रों में भी आ रही विद्युत अवरोध के संबंध में जानकारी ली और बारिस को देखते हुए व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये।



कार्यपालन अभियंता शैलेन्द्र पाण्डे ने जानकादी दी कि खराब मौसम के कारण विद्युत अवरोध की घटना होती है। सभी क्षेत्रों में एक साथ अवरोध होने के कारण सुधार में परेशानी होती है क्योंकि कर्मचारियों की कमी है, 20-22 फिटर में सीमित कर्मचारियों से काम लेना पडता है। कर्मचारी लगातार सेवानिवृत हो रहे है और भर्ती नहीं हो पा रही है। इसके अलावा संविदा कर्मचारी हडताल पर चले गये हैं, जिससे विद्युत गैंग की कमी हो रही है। इसी प्रकार पुराने लाईनों के कारण आंधी तुफान में परेशानी आती है। एक साथ कई फीडर से कम्पलेन आता है, एक सुधार करने और दूसरे तक पहुचने में समय लगता है। शासन से गैंग बढ़ाने प्रस्ताव भेजा गया है।

महापौर यादव ने कहा कि पुराने कनेक्शन चेंज करे, केबल एवं ट्रांसफार्मर आदि दुरूस्त करे, शासन स्तर पर लंबित प्रस्ताव की कापी उपलब्ध करावे, जिस पर बात की जा सके। इसके अलावा बारिश के लिये सभी आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त करे। उन्होंने शहर के कई क्षेत्रों में दिन मे भी लाईट जलने की शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा मुख्यमंत्री घोषणा के काम को प्राथमिकता देने तथा सुशासन तिहार में विद्युत संबंधी समस्या के निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होने मुख्यमंत्री विद्युतीकरण योजना के संबंध में चर्चा कर शहर में पोल सिप्टिंग, नये पोल लगाने, जर्जर पोल बदलने, ट्रांसफार्मर आदि कार्य प्रमुखता से करने निर्देशित किये। उन्होने गणेश पर्व को ध्यान में रखकर झांकी निकलने वाली प्रमुख मार्गो के विद्युत व्यवस्था अभी से दुरूस्त करने कहा। आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि शहर के आउटर के वार्डो से पोल तार आदि काम शुरू करें, ट्रांसफार्मर लगाने पोल सिप्टिंग में यदि कोई परेशानी हो या कोई आपत्ति करें तो महापौर को अवगत् करायें। उन्होने के कहा कि निजी भवन या संस्था द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने की मांग पर रोड़ में न लगायें ताकि यातायात बाधित न हो या अन्य किसी प्रकार की परेशानी न हो। ट्रांसफार्मर लगाने की जानकारी निगम को आवश्य देवें।

## एक नजर

### अशांति फैला रहे दो बदमाशों पर पुलिस ने की कार्रवाई



**राजनांदगांव, 2 जुलाई (तरुण छत्तीसढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं नशा मुक्त बनाने हेतु असमाजिक तत्वो के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत शांति भंग करने वाले बदमाश 01. संतु सिन्हा पिता रामाधार सिन्हा उम्र 45 साल साकिन मोतीपुर पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ.ग., 02. जय किशन जामुलकर उर्फजानू पिता स्व. मुलचंद जामुलकर उम्र 40 साल साकिन रेल्वे फाटक के पास मोतीपुर पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव के द्वारा वाद विवाद कर मोहल्ले मे अशांति फैलाने वाले दोनो बदमाशो के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव पेश किया किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, सउनि विनोद कुमार वर्मा, प्र.आर. अरूण कुमार नेताम, म.प्र.आर वंदना पटले, आर. चन्द्रकपूर आयाम, सुनील बैरागी, आदित्य सोलंकी, गोपाल पैकरा एवं चौकी चिखली स्टाफका महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

### अतिथि शिक्षकों के 7 पदों पर भर्ती के लिए 16 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव, 2 जुलाई (तरुण छत्तीसढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के निर्देशानुसार शिक्षण सत्र 2026-27 अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में रिक्त 7 पदों पर अतिथि शिक्षकों की भर्ती हेतु 16 जुलाई 2026 तक आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। भर्ती के लिए इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक पंजीकृत डाक के माध्यम से कार्यालय प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेन्ड्री राजनांदगांव में प्रस्तुत कर सकते है। इसके अंतर्गत पीजीटी (अंग्रेजी), पीजीटी (कामर्स), पीजीटी (इकोनॉमिक्स), पीजीटी (राजनीति विज्ञान), पीईटी (महिला), टीजीटी (संगीत) एवं टीजीटी (कला) के 1-1 रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राजनांदगांव जिले की वेबसाईट एवं emr-spendri.org.in से प्राप्त की जा सकती है।

### रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण करने वालों पर 19 लाख रुपये का जुर्माना

**राजनांदगांव, 2 जुलाई (तरुण छत्तीसढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज अमला राजनांदगांव द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में खनिज अमला द्वारा डोंगरगांव तहसील के ग्राम आसरा का सरपंच एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सरपंच ने बताया कि ग्राम के नदी से रेत निकालना प्रतिबंधित किया गया है। मौके पर रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते नहीं पाया गया। खनि अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के 52 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई है और 18 लाख 95 हजार 600 रूपए अर्थदण्ड राशि जमा करायी गई है। जिसमें अवैध उत्खनन के 9 प्रकरणों में 7 लाख 20 हजार 600 रूपए, अवैध परिवहन के 41 प्रकरणों में 10 लाख 33 हजार 200 रूपए एवं अवैध भण्डारण के 2 प्रकरणों में 1 लाख 41 हजार 800 रूपए अर्थदण्ड राशि जमा करायी गयी है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

# ऐसी है नपा की मानसून की तैयारीः पहली ही बारिश में नालियों का कचरा सड़कों पर, घरों में घुसा गंदा पानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 जुलाई।** मानसून की पहली तेज बारिश ने नगर पालिका की तैयारियों की हकीकत सामने ला दी। मंगलवार सुबह हुई बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा, जबकि कई स्थानों पर पानी लोगों के घरों में भी घुस गया। नालियों में महीनों से जमा कचरा और गाद बारिश के साथ बाहर निकलकर सड़कों पर फैल गई, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बार मानसून ने देरी से दस्तक दी, जिससे नगर पालिका को नालियों और प्रमुख नालों की सफाई के लिए पर्याप्त समय मिला था। इसके बावजूद शहर के अधिकांश वार्डों में समय पर सफाई नहीं कराई गई। नतीजा यह रहा कि पहली ही बारिश ने पूरे सफाई तंत्र की पोल खोलकर रख दी। शहर के बस स्टैंड, गोल बाजार, बुधवारी, रेलवे चौक सहित कई प्रमुख मार्गों पर नालियों की गंदगी सड़कों पर बहती दिखाई दी। जगह-जगह जलभराव की स्थिति भी बनी रही।

घरों में घुसा नाली का गंदा पानी- स्थानीय लोगों का कहना है कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से उनमें बड़ी मात्रा में प्लास्टिक, कचरा और गाद जमा है। बारिश होते ही पानी की निकासी बाधित हो गई और गंदा पानी सड़कों के साथ-साथ रिहायशी इलाकों में भी पहुंच गया। कई घरों में पानी घुसने से लोगों के घरेलू सामान को भी नुकसान पहुंचा। नागरिकों ने आरोप लगाया कि हर साल बारिश से पहले सफाई अभियान चलाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर दिखाई नहीं देता। शहर के 24 वार्डों में नालियों और प्रमुख नालों की समुचित सफाई नहीं होने से लोगों में नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते नालियों की सफाई कराई जाती तो पहली बारिश में ऐसी स्थिति नहीं बनती। लोगों ने नियमित सफाई व्यवस्था और जल निकासी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। पहली ही बारिश के बाद सामने आई यह स्थिति नगर पालिका की मानसून पूर्व तैयारियों पर सवाल खड़े कर रही है। यदि आने वाले दिनों में लगातार बारिश होती है और जल निकासी व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो शहरवासियों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।



### व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैः सीएमओ

इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ राजेश कुमार तिवारी का कहना है कि शहर की सभी नालियों और प्रमुख नालों की सफाई प्राथमिकता के आधार पर कराई जा रही है। जहां भी जलभराव या गंदगी की शिकायत मिल रही है, वहां तत्काल सफाई दल भेजकर व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

# शॉर्ट सर्किट से भाटिया किराया भंडार में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 जुलाई।** शहर के रिहायशी क्षेत्र वार्ड नंबर 17 पटेल वार्ड स्थित भाटिया किराया भंडार में बुधवार दोपहर शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। घटना के समय दुकान में कोई मौजूद नहीं था। अचानक उठी आग की लपटों और धुएं से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर करीब 1 बजे दुकान से धुआं उठता देख लोगों ने तत्काल दुकानदार, पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि नगर पालिका की दमकल से काबू पाना मुश्किल हो रहा था, जिसके बाद जिला मुख्यालय से दो दमकल वाहन बुलाए गए। काफी मशक्कत के बाद दोपहर करीब 3:30 बजे आग पर नियंत्रण पाया जा सका।




घटना के दौरान सिख समाज ने एकजुटता का परिचय देते हुए बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के प्रयासों में सहयोग किया। इस दौरान लोगों ने आसपास से अग्निशामक सिलेंडरों की व्यवस्था कर दुकान और गोदाम में उठ रहे धुएं को कम करने का प्रयास किया। वहीं आसपास के व्यापारियों ने भी बड़ी संख्या में सहयोग करते हुए स्थिति को नियंत्रित करने में मदद की। बताया गया कि दुकान के गोदाम में रखे 6 से 7 गैस सिलेंडरों के कारण स्थिति और गंभीर हो सकती थी, लेकिन समय रहते लोगों ने सिलेंडरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक सिलेंडर आग की चपेट में आने से काला पड़ गया था, जिसे भी सुरक्षित निकाल लिया गया। आगजनी में किराया भंडार के सामान के साथ विद्युत के कई सामग्री भी जलकर नष्ट हो गई, जिससे संचालक को भारी नुकसान होने की बात सामने आई है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने भंडारी बुक डिपो से लेकर जैन मंदिर के पास तक मार्ग पर आवाजाही रोक दी थी, ताकि राहत और बचाव कार्य सुचारू रूप से चला जा सके। वही पुलिस की माने तो घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### शराब का अवैध परिवहन करते हुए आरोपी गिरफ्तार

**चिखली, 2 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना प्रभारी निरीक्षक भूषण चंद्राकर अपने थाना स्टाफ के साथ अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन करने वाले कोचियों/तस्करों पर लगातार नजर रखकर प्रभावी कार्यवाही कर रहे हैं। इसी क्रम में 1 जुलाई को मोबाइल के माध्यम से मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी विनय मिश्रा पिता रमाकांत मित्रा, निवासी दंतेश्वरी पारा, डोंगरगढ़, अपनी स्कूटी में अधिक मात्रा में अवैध शराब रखकर बोरतलाव की ओर से आ रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक भूषण चंद्राकर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बोरतलाव चिड्डो चौक के पास घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई, जहां आरोपी के कब्जे से 50 पाव गोवा व्हिस्की (मध्यप्रदेश निर्मित) कुल मात्रा 9.000 बल्क लीटर, कीमत 6, 750 रुपये एवं एक्टिवा क्रमांक ष्ट्र 08.ङ्क 3133 कीमत 15, 000 रुपये, कुल जुमला कीमत 21, 750 रुपये जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 373/2026, धारा 34(2), 36 आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। आरोपी विनय मिश्रा आदतन शराब कोचिया है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी थाना डोंगरगढ़ में निम्न अपराध दर्ज हैं।

## समाचार संक्षेप

### निराश्रित पेंशनधारी परेशान न हों सभी के खातों में पहुंच रही है राशि: शिव वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कहा: शासन राशि भेज रहा, बैंक की लापरवाही से हितग्राही परेशान**

**राजनांदगांव, 2 जुलाई।** निराश्रित पेंशन की राशि को लेकर हितग्राहियों की बढ़ती परेशानियों के बीच नगर निगम की भाजपा की वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार सभी पात्र हितग्राहियों के खातों में नियमित रूप से पेंशन की राशि भेज रही है। उन्होंने कहा कि कई हितग्राहियों को बैंक संबंधी तकनीकी और प्रशासनिक लापरवाही के कारण भुगतान समय पर नहीं मिल पा रहा है जिससे उन्हें अनावश्यक रूप से भटकना पड़ रहा है।

निराश्रित पेंशन की राशि को लेकर हितग्राहियों के बीच फैली चिंता और असमंजस के बीच नगर निगम की भाजपा की वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने कहा है कि निराश्रित पेंशनधारी किसी भी प्रकार की निराशा या भ्रम की स्थिति में न रहें। शासन द्वारा सभी पात्र हितग्राहियों के खातों में नियमित रूप से पेंशन की राशि भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर यह शिकायत सामने आई है कि हितग्राहियों को बैंक से समय पर राशि नहीं मिल रही है। इसकी वजह शासन नहीं बल्कि बैंक स्तर पर होने वाली लापरवाही, तकनीकी त्रुटियां अथवा प्रक्रिया में देरी है। इसी कारण अनेक बुजुर्ग, विधवा और निराश्रित पेंशनधारियों को बार-बार बैंक के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वर्मा ने कहा कि शासन की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे। निराश्रित पेंशन जैसी जनकल्याणकारी योजना का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को आर्थिक संबल प्रदान करना है इसलिए किसी भी पात्र हितग्राही को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। यदि किसी हितग्राही के खाते में राशि आने के बावजूद भुगतान नहीं हो रहा है या किसी प्रकार की बैंक संबंधी समस्या है तो संबंधित बैंक शाखा से संपर्क कर उसका शीघ्र समाधान कराया जाना चाहिए।

### शिक्षण सामग्री, सम्मान और न्योता भोज ने बच्चों के सपनों को दी नई उड़ान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**साल्हेवारा, 2 जुलाई।** शासकीय प्राथमिक शाला बांधाटोला में शिक्षा, सेवा और सामाजिक सरोकार का प्रेरणादायी संगम देखने को मिला। शिक्षक कल प्रतिभा अकादमी, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान, शिक्षण सामग्री वितरण एवं न्योता भोज का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने न केवल विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि शिक्षा के प्रति समाज की सकारात्मक भागीदारी का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षक कल प्रतिभा अकादमी के अध्यक्ष संजय मैथिल एवं उपाध्यक्ष महादेव जायसवाल सहित पूरी टीम ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन, पेंसिल, कंपास बॉक्स सहित अन्य आवश्यक शिक्षण सामग्री वितरित की। साथ ही बच्चों को मिठाई, फल एवं बिस्कुट वितरित कर स्नेहपूर्ण न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिससे विद्यालय का वातावरण उत्साह और आनंद से भर उठा।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत देवपुरा घाट के सरपंच राम प्रसाद धुर्वे, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार धुर्वे, समिति के सदस्यगण, संकुल समन्वयक सुखराम कंवर, परमेश्वर कौशिक तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संस्था के इस सराहनीय प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायी पहल बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था से जुड़े सहायक शिक्षक मुरली मनोहर वर्मा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उनके समर्पण और उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मानस्वरूप शिक्षक कल प्रतिभा अकादमी द्वारा उन्हें स्मृति-चिन्ह (मोमेंटो) भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय हेतु भूमि दान करने वालीफूलबाई मेरावी को भी सम्मानित कर उनके अतुलनीय योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जब समाज, शिक्षक और सामाजिक संस्थाएँ मिलकर शिक्षा के लिए आगे आते हैं, तब बच्चों के उवल भविष्य की मजबूत नींव तैयार होती है।

**प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर अवैध वसूली का आरोप**

# ग्राम पंचायत के 90 परिवारों ने कलेक्टर से की एक-एक हजार रुपये लेने की शिकायत






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 2 जुलाई।** विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम कोठीटोला के आश्रित ग्राम नवागांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर कथित रूप से अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने सचिव व रोजगार सहायक पर आरोप लगाया है कि उन्होंने आवास योजना में नाम शामिल कराने और फाइल तैयार करने के नाम पर प्रत्येक पात्र हितग्राही से एक-एक हजार रुपये लिए। इसके बावजूद ग्रामसभा में जारी अंतिम सूची में उनका नाम शामिल नहीं किया गया। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा जिलाधीश के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि, ग्राम नवागांव के लगभग 90 पात्र परिवारों से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर एक-एक हजार रुपये की राशि ली गई। शिकायत में रोजगार सहायक दिलीप चौधरी, इंजीनियर प्रदीप खरे तथा कोटवार सरकाश लाउने पर वसूली के आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित कर्मचारियों ने घर-घर जाकर हितग्राहियों का सत्यापन किया, उनके मकानों की तस्वीरें लीं और भरोसा दिलाया कि उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में शामिल हो चुका है।

### ग्रामसभा में प्रस्तुत सूची में नाम गायब

ग्रामीणों का आरोप है कि 24 जून को आयोजित ग्रामसभा में जब प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन किया गया, तब जिन 90 परिवारों से कथित रूप से राशि ली गई थी, उनमें से किसी का भी नाम सूची में नहीं था। सूची से नाम गायब होने के बाद ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई। उनका कहना है कि सहयोग राशि लेने के बावजूद योजना का लाभ नहीं मिला।

### कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग

ग्रामीणों ने जिलाधीश से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही कथित रूप से वसूली गई राशि की जांच कर उसे वापस दिलाने तथा सभी 90 पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में शामिल करने की मांग भी की गई है। इसके अलावा ग्रामीणों ने रोजगार सहायक और पंचायत सचिव को उनके पद से हटाने की मांग भी की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे जिला मुख्यालय पहुंचकर भूख हड़ताल करेंगे।

### संत कबीर के विचार आज भी समाज को दिखा रहे नई राह : सरिता साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 2 जुलाई।** जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम आरगांव में सद्गुरु साहेब कबीर दास के प्राकट्य दिवस के अवसर पर श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई जिसके बाद संगोष्ठी आयोजित कर संत कबीर के जीवन, दर्शन और उनके समाज सुधारक विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कबीर पंथी अनुयायी एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्राम आरगांव में आयोजित इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान के साथ ध्वजारोहण कर किया गया। इसके बाद आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने सद्गुरु कबीर दास के जीवन, उनके आध्यात्मिक दर्शन तथा समाज में फैली कुरीतियों, जात-पात और भेदभाव के खिलाफ उनके संघर्ष पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में क्षेत्र की जनपद सदस्यसरिता साहू, जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मदन साहू, सरपंच लिलेश गंधर्व, उपसरपंच तुलेश्वर साहू, पूर्व सरपंच मनोज साहू पेवा राम साहू सुखराम साहू समें लाल साहू दौलत साहू सहित बड़ी संख्या में कबीर पंथी अनुयायी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन माधव दास साहू ने किया। वहीं गांव के महंत साहेब ने अपने उद्बोधन में संत कबीर दास के जीवन चरित्र, उनकी शिक्षाओं और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत कबीर ने प्रेम, मानवता, समानता और भाईचारे का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

## लेने वाली नहीं देने वाली सरकार अच्छी मानी जाती है

हर चीज की अपनी कीमत होती है।उसे पाना है तो उसकी कीमत चुकानी पड़ती है।राजनीतिक दलों का लक्ष्य सत्ता पाना होता है,वह जानते हैं कि सत्ता की अपनी कीमत होती है।सत्ता पाना है तो उसकी कीमत चुकानी पड़ती है।सत्ता कोई बाजार में बिकती तो नहीं है कि जिसके पास ज्यादा पैसा है वह ज्यादा पैसा देकर सत्ता खरीद ले।सत्ता तो उसे मिलती है जिसे ज्यादा संख्या में लोग वोट देते हैं।जिसे ज्यादा वोट जनता ने दे दिया सत्ता उसकी गई।जिसे ज्यादा वोट नहीं मिले सत्ता उसे नहीं मिलती।सत्ता का सीधा संबंध ज्यादा वोट से होता है, इसलिए राजनीतिक दल कई तरह के वादे करते है, कई तरह के उपाय करते हैं ताकि जनता उनको दूसरे राजनीतिक दलों से ज्यादा वोट दे और सत्ता उसे मिल सके।राजनीतिक दलों के यह जो वादे होते हैं, वह एक तरह से सत्ता की कीमत होती है।जो जितना ज्यादा देने का वादा करता है,मतलब यही होता है कि वह सत्ता की ज्यादा कीमत देने को तैयार है।जो ज्यादा से ज्यादा देता है, वह सत्ता की ज्यादा से ज्यादा कीमत देता है या देने को तैयार रहता है।तो अच्छी सरकार वही मानी जाती है जो चुनाव में ज्यादा देने का वादा करती है और सरकार बनने के बाद देती भी है। साय सरकार बने दो साल हो गए हैं और दो साल में सरकार ने चुनाव में किए वादे पूरे किए है और हर महीने कई वादे पूरे कर रही है।इसके अलावा सरकार में आने के बाद विकास के कई काम करने होते है, जनहित के कई काम करने होते है, राज्यहित में कई काम करने होते हैं। इससे राज्य का खर्च बढ़ता है। राज्य का खर्च बढ़ता है तो आय बढ़ाना भी जरूरी हो जाता है।वैसे तो राज्य सरकारों की कोशिश होती है कि कर्ज लेकर जनता पर कोई बोझ न डाला जाए और जनता की कसौटी पर देने वाली सरकार की छबि बनी रही। लेकिन कई बार जनता पर बोझ डालना जरूरी हो जाता है। जनता से कई तरीकों से पैसा लेना जरूरी हो जाता है तो सरकार को जनता से पैसा लेना पड़ता है। बिजली की दर बढ़ाना भी इसी तरह का प्रयास है।जब भी बिजली दर बढ़ाना जरूरी हो जाता है तो सरकार बिजली दर बढ़ाती है। इसी के साथ उसकी कोशिश रहती है कि लोगों पर बोझ कम से कम पड़े। साय सरकार इस मामले में संवेदनशील है। वह जानती है कि बिजली दर बढ़ने से जनता पर बोझ बढ़ता है और उसका बजट बिगड़ता है वह नाराज होती है।यही वजह है कि वह जनता को बताती है कि वह बिजली दर बढ़ाने को मजबूर है लेकिन आज भी छत्तीसगढ़ में बिजली दूसरे राज्यों की तुलना में सस्ती है। सरकार ने हाल ही में बिजली दर को बढ़ाया है और कहा है कि इसका प्रभाव विभिन्न श्रेणियों मे दी जा रही रियायतों के कारण सीमित रहेगा।आंकड़ों के मुताबिक बिजली दर बढ़ने से १०० यूनिट तक ३० पैसे तो६०० यूनिट से अधिक पर ७० पैसे प्रति यूनिट ज्यादा देना होगा।बिजली के मामले में सरकार की कोशिश यही रहती है कि उसकी छबि पिछली सरकार की तुलना मे अच्छी बनी रहे । पिछली सरकार के समय सभी लोगों को बिजली हाफ योजना के तरह ४०० यूनिट बिजली पर २०० यूनिट का पैसा देना पड़ता था इससे लोगों को बिजली के मामले में पैसों की बचत होती थी। साय सरकार ने इस योजना को बंद नहीं किया। क्योंकि वह जानती है कि इस योजना को बंद करने पर जनता नाराज होगी और सरकार की देने वाली छबि खराब होगी और पिछली सरकार से उनकी सरकार बुरा समझा जाएगा। इस योजना का लाभ बाद मे सीमित किया गया। अब पहले से कम लोगों को बिजली बिल हाफ योजना का लाभ मिलता है। लेकिन साय सरकार बिजली के मामले में पिछली सरकार की तरह पैसे लेने वाली नहीं पैसे देने वाली सरकार बनी रहना चाहती है इसलिए जनता को इस बात का एहसास कराती रहती है वह भी जनता को राहत रियायत देने वाली सरकार है। बिजली दर बढ़ने के बाद सरकार ने जनता को राहत देने के लिए सरचार्ज में सुधार किया है।पहले यह होता था कि बिजली बिल पटाने के एक तय तारीख होती थी जो लोग तय तारीख तक बिजली बिल पटा देते थे उनको कोई सरचार्ज नहीं देना पड़ता था इसके बाद किसी कारण से कोई एक दो दिन देरी से बिजली बिल पटाता था तो उसे महीने भर का सरचार्ज पटाना पड़ता था। साय सरकार ने इस मामले में अब जनता को राहत देने के लिए यह व्यवस्था की है बिजली बिल पटाने में जितने दिन की देरी होगी उतने दिन का ही सरचार्ज देना होगा। इससे लोगों के कुछ पैसे बचेंगे ही। इससे भले ही कम पैसे बचें लेकिन सरकार लोगों को यह एहसास दिलना चाहती है कि वह जनता को राहत पहुंचाना चाहती है जैसे भी हो राहत पहुंचाती है। साय सरकार ने मुख्यमंत्री समाधान योजना के जरिए भी राज्य के लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया है। यह योजना सरकार ने उन लोगों के लिए बनाई है जो बकाया बिजली बिल पटा नहीं पा रहे थे और बिजली बिल बढ़ता जा रहा था।इस योजना का लाभ घरेलू, बीपीएल,कृषि सहित बड़े बकायादारों को मिला है।इस योजना के तहत सरचार्ज माफ कर दिए जाने के कारण बिजली बिल कम हो जाता है और लोगों को उतना बिल पटाना कठिन नहीं लगता है। यही वजह है समाधान योजना का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया है। आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में ८९८५६२ बकायादारों पर बिजली विभाग का १३६३.८७ करोड़ रुपए बकाया था।सरकार ने अब तक बकायादारों का ७०० करोड़ रुपए का बकाया माफ कर दिया है और बिजली विभाग को ७२ करोड़ रुपए मिला है। समाधान योजना से बकायादारों को जहां ७०० करोड़ का फायदा हुआ है वहीं बिजली विभाग को ७२ करोड़ रुपए फायदा हुआ है क्योंकि यह वह पैसा है जो मिलता ही नहीं।इससे सरकार की छबि लेने वाली नहीं देने वाली सरकार की बनी हुई है।

**घटनाक्रम**

# अच्छी तरह परख लीजिए आपकी महबूबा किसी की बाबू तो नहीं?

**मनोज कुमार अग्रवाल**



पुणे के लोहगढ़ में ट्रेकिंग पथ पर केतन अग्रवाल के मर्डर ने समूचे समाज को समाज में पल रहे लव अफेयर्स और उनके घातक परिणामों के प्रति चेताया है कि शादी के लिए वधू का चयन करने से पहले जांच लीजिए आपकी होने वाली महबूबा के जीवन में कोई दूसरा तो नही है अच्छी तरह परख लीजिए कि वह किसी की बाबू तो नहीं है? दरअसल समाज में जैसे जैसे लड़कियों के स्वछंद उन्मुक्त जीवन का चलन बढ़ा है लव अफेयर्स डेटिंग और ब्रेकअप का सिलसिला भी चल रहा है लेकिन अभिभावक अभी भी पुराने परम्परागत चलन से लडके लड़कियों का वर वधू के लिए चयन कर रहे हैं कई बार माता पिता परिवार के दबाव में आकर लड़किया अपने प्रेमी के इतर विवाह के लिए राजी हो जातीं हैं तो की बार प्रेमी के साथ साजिश कर विवाह से पहले या बाद में मंगेतर या पति को मौत के मुंह में धकेल रहीं हैं। दरअसल इंदौर की सोनम मेरठ की मुस्कान और अब पुणे की सिया ये बदलते दौर और बदलते चरित्र के किरदार हैं जिस समाज में लडकियों को मासूम अबला नादान समझा जा रहा है और कानून भी जिन्हें संरक्षण देता रहा है उस समाज में मासूम चेहरे के पीछे छिपी कुटिलता अपराध करने की मानसिकता और समाज लोकलाज पुलिस कानून का तनिक भी भय नहीं होना बदलते परिवेश को बयान कर रहा है ऐसे में जरूरी है कि युवाओं को अपने जीवन साथी का चयन बहुत सोच समझकर और उसके आचरण पिछले जीवन और संबन्धों की पड़ताल करने के बाद किया जाए। केतन अग्रवाल के परिवार ने एक बारहवीं फेल स्वछंद आचरण वाली लड़की की बिना जरूरी पड़ताल किए सिर्फ सिया के परिवार की बात पर भरोसा किया इस का भुगतान एक मासूम होनहार शिक्षित बिजनेस मैन युवा को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा यदि केतन या उसका परिवार जरा सा भी सजग होता तो सिया की हरकतों से पहले ही वाकिफ हो जाता और सतर्कता अपना लेता या यह रिश्ता ही नहीं बनता।

**बहन के शक ने खोला राज वरना पुलिस खा गयी थी गच्चा** -अंतिम संस्कार के बाद का मोड़ ऐसा मोड़ आया कि कहानी ही पलट गयी। केतन की मौत को शुरुआत में एक हादसा (लोहागढ़ किले की खाई में गिरना) माना जा रहा था. पुलिस ने भी सिया की बुनी कहानी पर सहज भरोसा कर लिया था केतन का परिवार भी बेचारी कह कर उलटा सिया ऐ फर्जी आंसू पौंछ रहा था लेकिन मौत के 4 दिन बाद जब सिया केतन के घर पहुंची, तो केतन की बहन ने उससे उस दिन की घटना के बारे में पूछा.सबसे पहली बार उसे सिया के चेहरे के भाव और बयान में विरोधाभास नजर आया उसने परिवार और पुलिस को चेताया।





आपको बता दें कि पुणे के हालिया हत्याकांड मामले में पुलिस जांच के दौरान कई गंभीर खुलासे हुए हैं। इस मामले में मुख्य आरोपियों द्वारा की गई लंबी प्लानिंग ने सुरक्षा विशेषज्ञों और जांच अधिकारियों को हैरान कर दिया है।डिजिटल सबूतों से मिली मदद पुलिस जांच के अनुसार, घटना से पहले के छह महीनों में डिजिटल संचार रिकार्ड से चौंकानेवाला खुलासा हुआ कि सिया चेतन चौधरी के साथ संबन्धों में थी।

जांच में यह भी सामने आया है कि मुख्य घटना से पहले भी पीड़ित पर हमला करने का प्रयास किया गया था। लोहगढ़ किले के पास हुई एक पिछली घटना के दौरान पीड़ित की जान बाल-बाल बची थी, जिसे उस समय एक दुर्घटना के रूप में पेश किया गया था।

आपको बता दें कि साजिश के मामले में सिया और चेतन इंदौर के राजा रघुवंशी हत्या कांड की सोनम से भी आगे निकले। पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है. 26 साल के बिजनेसमैन और रियल एस्टेट डायरेक्टर केतन अग्रवाल की मौत को शुरुआत में एक सामान्य ट्रेकिंग हादसा माना जा रहा था, लेकिन पुलिस की तफ्तीश में जो सच सामने आया है, उसने सबके होश उड़ा दिए हैं. केतन की मंगेतर सिया गोयल (20 साल) ने अपने बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी (22 साल) के साथ मिलकर इस खौफनाक मर्डर को अंजाम दिया।

**6 महीने में 2004 कॉल्स और कैफे में बना 'डेथ प्लान'**-238 घंटे की प्लानिंगः पुलिस जांच में सामने आया कि 1 जनवरी से जून के बीच सिया और चेतन के बीच 2004 बार फोन पर बातचीत हुई थी. दोनों ने कुल 238 घंटे तक फोन पर सिर्फ केतन को रास्ते से हटाने की साजिश रची. कैफे में आखिरी मुलाकातः वारदात वाले दिन (18 जून) सुबह सिया और चेतन पुणे के एक कैफे में मिले थे. यहीं पर उन्होंने लोहागढ़ किले की उस जगह को चुना, जहां से केतन को आसानी से खाई में धकेला जा सके.

**मर्डर के लिए बाली ट्रिप रुकवाई, वाशरूम में फाड़ा पासपोर्ट!**-जांच में एक बेहद हैरान करने वाला खुलासा हुआ कि केतन का परिवार शादी से पहले बाली घूमने जाने वाला था. सिया अच्छी तरह जानती थी कि विदेश में हत्या को हादसा साबित करना मुश्किल होगा. इसलिए मुंबई एयरपोर्ट जाते वक्त रास्ते में लोनावला के पास उसने चुपके से केतन का पासपोर्ट गाड़ी से निकाला, वाशरूम में जाकर उसे फाड़ा और कमोड में फ्लश कर दिया. पासपोर्ट गायब होने के कारण पूरा टूर कैंसिल करना पड़ा और केतन भारत में ही रुक गया.

**लोहागढ़ किलाः पहली नाकाम कोशिश और 'सांप' का नाटक**-केतन को ऊंचाई से डर लगता था, लेकिन सिया उसे जिद करके 3300 फीट ऊंचे लोहागढ़ किले पर ले गई. 14 जून को भी उसने केतन को धक्का देने की कोशिश की थी, लेकिन केतन एक झाड़ी से लटक गया. तब सिया ने "सांप आ गया, सांप आ गया" का झूठा नाटक किया और उसे गले लगाकर जता दिया कि वह उसे बचा रही थी. तपती गर्मी में 'हुडी' और सीसीटीवी का वो सुराग जिसने सारी कली खोल दी। 18 जून को जब सिया केतन को दोबारा किले पर ले गई, तब उसका बॉयफ्रेंड चेतन भी चोरी-छिपे उनका पीछा कर रहा था.जून की 33 डिग्री तपती गर्मी में चेतन हुडी और शॉर्ट्स पहनकर घूम रहा था. पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में इस गर्मी में हुडी पहनना अजीब लगा. जब उसकी सोशल मीडिया प्रोफाइल खंगाली गई, तो उसका सिया से कनेक्शन साफ हो गया.

**मगरमच्छ के आंसूः हत्या के बाद सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट**-केतन की जान लेने के बाद सिया ने इंस्टाग्राम पर एक बेहद भावुक वीडियो और पोस्ट शेयर की. उसने लिखा— "तुम मुझे मेरे जन्मदिन पर छोड़कर चले गए... हमारी शादी होने वाली थी... मेरे दिल को पता है तू यहीं है, वापस आ जा". शुरुआत में लोग इसे एक दुखी मंगेतर का विलाप समझ रहे थे, लेकिन यह पुलिस को गुमराह करने की एक सोची-समझी चाल थी.

**बहन के शक ने ऐसे उतारा 'मासूमियत का नकाब'**-केतन के अंतिम संस्कार के 4 दिन बाद जब सिया उनके घर पहुंची, तो केतन की बहन संजना ने उससे उस दिन की घटनाओं को लेकर कुछ सवाल पूछे.सिया के बयानों में भारी विरोधाभास था और वह घबरा रही थी. बहन के इसी शक के बाद पुलिस हरकत में आई और टेक्निकल एनालिसिस से पूरा राजफाश हो गया।

**कोर्ट का फैसला और परिवार की मांग**-पुलिस पूछताछ में सिया और चेतन ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है. वडगांव कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 29 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है.

केतन के माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है. उनका कहना है कि 25 नवंबर को दोनों की करोड़ों की डेस्टिनेशन वेडिंग होने वाली थी. अगर सिया शादी नहीं करना चाहती थी तो मना कर देती, इस तरह किसी की जान लेने का हक उसे किसने दिया? पीड़ित परिवार ने हत्यारों के लिए फांसी की सजा की मांग की है. यकीनन अब किसी को जीवन साथी बनाने से पहले उसके पार्श्व की भली तरह पड़ताल कर लें कहीं जरा सी चूक परिवार और जीवन के लिए भारी न पड़ जाए।

## सू- दोकू क्र.087

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.086 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -087

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 086 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज व्यवसाय संबंधी नई जानकारियां हासिल करना जरूरी है। मीडिया और ऑनलाइन कामों से जुड़े बिजनेस में फायदा होगा।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज आपका दिन आपके लिए पाजिटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपका तालमेल अच्छा रहेगा। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपने किसी ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए नए अवसर लेकर आने वाला है। आज आप अपनी गतिविधियों को गोपनीय रखें साथ ही आसपास की गतिविधियों को नजर अंदाज ना करें।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन आपके लिए सार्थक रहेगा। आज रियल स्टेट से जुड़े लोगों की डील फायदेमंद हो सकती हैं। आज आप चुनौतियों को स्वीकार करते हुए कुछ क्रिएटिव करेंगे।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आपको घर के वरिष्ठ सदस्यों से प्रेरणा मिलेगी। आज पारिवारिक निर्णय लेने के लिए समय अनुकूल है आज जो भी काम आप शुरू करेंगे उसमें सफलता अवश्य मिलेगी।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। आज आपके ऊपर जिम्मेदारियां अधिक रहेंगी, जिन्हें आप काफी हद तक पूरा भी कर लेंगे।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लेकर आएगा। आज कारोबारियों को अपना कारोबार आगे बढ़ाने के लिए नए अवसर मिलेंगे। अपने काम की क्वालिटी को और अधिक बेहतर करने के लिए प्रयास करेंगे।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके जीवन में नए अवसर लेकर आने वाला है। आपकी हर समस्या का हल चुटकियों में निकल जायेगा।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा आज आपको शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आज लेखन व सामाजिक आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज का दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा।

कुंभ राशिः कुंभ राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज कार्य स्थल पर चल रही किसी भी गतिविधि को नजर अंदाज ना करें।

मीन राशिःमीन राशि वालों आज के दिन आप काफी व्यस्त रहने वाले है। रुका हुआ सरकारी काम आज पूरा हो जाएगा। आध्यात्मिक गतिविधियों के प्रति रुझान बढ़ेगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

# परिवर्तन की जड़ें: ई-गवर्नेंस से बदलता ग्रामीण भारत

**प्रो. एस. पी. सिंह बघेल**

कुछ क्षण केवल एक उपलब्धि भर नहीं होते, वे एक पूरी यात्रा को रोशन कर देते हैं। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 के लिए चार पंचायती राज पहलों का चयन ऐसा ही एक क्षण है, ऐसा क्षण जो किसी एक कार्यालय का नहीं, बल्कि हर ग्राम पंचायत और हर उस नागरिक का है, जिसने डिजिटल रूप से सशक्त ग्रामीण भारत के सपने पर भरोसा किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदृष्टि से प्रेरित होकर, भारत की पंचायतें भरोसे, तकनीक और परिवर्तन का एक नया अध्याय लिख रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन के बारह परिवर्तनकारी वर्षों के इस पड़ाव पर यह सम्मान विशेष महत्व रखता है। यह दर्शाता है कि किस प्रकार पंचायती राज संस्थाएं मात्र योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित निकायों से आगे बढ़कर, शासन की तीसरी स्तरीय व्यवस्था की आत्मविश्वासी, सक्षम और तकनीकी रूप से दक्ष संस्थाओं के रूप में स्थापित हुई हैं।

प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा स्थापित राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से उत्कृष्ट लोक सेवा वितरण के लिए देश का सर्वोच्च सम्मान है। इस वर्ष सात श्रेणियों में चयनित 17 परियोजनाओं में से 4 पंचायती राज क्षेत्र से संबंधित हैं, जो ज़मीनी स्तर पर नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण बनाने हेतु पिछले बारह वर्षों के निरंतर प्रयासों का स्वाभाविक परिणाम है।

ग्राम पंचायतों के प्रदर्शन के मूल्यांकन हेतु पंचायती राज मंत्रालय की प्रमुख पहल, पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स (PAI), को डेटा एनालिटिक्स के माध्यम से डिजिटल परिवर्तन की श्रेणी में स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इस सूचकांक के आने से पहले, देश की 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए कोई मानकीकृत, डेटा आधारित राष्ट्रीय ढांचा उपलब्ध नहीं था। आज यह सूचकांक डेटा, प्रदर्शन, पहचान और जनभागीदारी को आपस में जोड़ने वाली एक पारदर्शी जवाबदेही व्यवस्था का निर्माण कर रहा है।

उल्लेखनीय यह है कि दो ग्राम पंचायतों ने अपने स्वयं के प्रयासों से यह सम्मान अर्जित किया है। महाराष्ट्र के सांगली जिले की कडेपुर ग्राम पंचायत ने ग्रासरूट स्तर की पहलों की श्रेणी में स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त किया है। यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ब्लॉकचेन जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग से 1,300 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं, पश्चिम त्रिपुरा की बिजय नगर ग्राम पंचायत को रजत पुरस्कार मिला है। पंचायत ने अपने स्वयं के स्रोतों से आय में लगभग 194 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और महिलाओं के बीच शत-प्रतिशत डिजिटल साक्षरता हासिल की है। महाराष्ट्र के नंदुरबार जिला परिषद के स्वास्थ्य विभाग को 'ई-आरोग्य धमनी' पहल के माध्यम से दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों के लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए जिला स्तरीय पहल श्रेणी में गोल्ड अवार्ड के लिए चयनित किया गया।

ये पुरस्कार मिलकर एक महत्वपूर्ण संदेश देते हैं। ई-गवर्नेंस में उत्कृष्टता अब केवल राज्यों की राजधानियों या जिला मुख्यालयों तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह समान रूप से हमारे गांवों और ग्राम सभाओं में भी स्थापित हो चुकी है। इस वर्ष 30 राज्यों की 1.65 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों ने इसमें भाग लिया, जो हमारे द्वारा मिलकर तैयार की गई संस्थागत क्षमता और विश्वास को दर्शाता है।

यह उपलब्धि संयोग से नहीं मिली है। पिछले बारह वर्षों में मंत्रालय ने पंचायतों को निरंतर बेहतर साधन उपलब्ध कराए हैं। ई-ग्राम स्वराज प्लेटफॉर्म के माध्यम से 2.59 लाख से अधिक पंचायतों में योजना निर्माण, बजट और भुगतान प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण किया गया है, जिससे पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से ₹3.16 लाख करोड़ से अधिक के ऑनलाइन लेन-देन संभव हुए हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सभासार प्लेटफॉर्म, जो 23 भारतीय भाषाओं में कार्य करता है, अब 1.35 लाख से अधिक पंचायतों में चंद मिनटों में ग्राम सभा की कार्यवाही तैयार कर देता है। मेरी पंचायत ऐप, जिसे 1 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है, विकास कार्यों की जानकारी सीधे नागरिकों तक पहुंचा रहा है। इन प्रयासों के साथ-साथ, स्वामित्व योजना के तहत 3.30 लाख गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है तथा जून 2026 के मध्य तक 1.94 लाख गांवों के लिए 3.19 करोड़ संपत्ति कार्ड तैयार किए जा चुके हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों के संपत्ति अधिकार सुदृढ़ हुए हैं और उन्हें ऋण सुविधा प्राप्त करने में आसानी हुई है। पंद्रहवें वित्त आयोग की अवधि में ग्रामीण स्थानीय निकायों को ₹2.82 लाख करोड़ की अनुदान राशि जारी की गई, जो अब तक की सर्वाधिक है। सोलहवें वित्त आयोग ने वर्ष 2026 से 2031 के लिए ₹4.35 लाख करोड़ की सिफारिश की है, जो लगभग 84 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस सोच को आगे बढ़ाने के लिए मंत्रालय ने 'सेवा से समृद्धिः पंचायतों के नेतृत्व में सेवा वितरण' विषय पर क्षेत्रीय कार्यशालाओं की एक श्रृंखला शुरू की है। इन कार्यशालाओं में पंचायत प्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी और विषय विशेषज्ञ मिलकर स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका और बुनियादी सुविधाओं जैसे क्षेत्रों में लोगों तक बेहतर सेवाएं पहुंचाने के उपायों पर चर्चा कर रहे हैं। इन कार्यशालाओं के माध्यम से सफल स्थानीय पहलों और नवाचारों को साझा किया जा रहा है, ताकि राज्य एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकें और अच्छे मॉडलों को व्यापक स्तर पर अपनाया जा सके। इनकी उपयोगिता और विस्तार की संभावनाएं बहुत व्यापक हैं। NAeG 2026 में चयनित पंचायती राज संस्थाओं की उपलब्धियां देशभर की पंचायतों को प्रेरित कर रही हैं, और अनेक पंचायतें अपने गांवों में बेहतर सेवाएं पहुंचाकर समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करने के लिए ऐसे मॉडलों को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सदैव यह बल देते रहे हैं कि सुशासन वही है जो नागरिकों का जीवन सरल बनाए। पारदर्शी और तकनीक सक्षम व्यवस्थाओं के माध्यम से प्राप्त 'ईज़ ऑफ़ लिविंग' ही किसी सरकार की मंशा और क्षमता की सच्ची कसौटी है। यह एक सार्वभौमिक सत्य है कि दूसरों का सम्मान करना स्वयं के सम्मान का मार्ग प्रशस्त करता है। पंचायतों को डिजिटल साधनों से सशक्त बनाकर और उनकी क्षमता पर विश्वास जताकर, केंद्र सरकार ने इस महत्वपूर्ण मंच पर देश को सम्मानित होने का मार्ग प्रशस्त किया है।

जैसे-जैसे भारत 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, सशक्त पंचायतों की भूमिका और भी केंद्रीय होती जा रही है। लगभग 90 करोड़ नागरिकों के ग्रामीण भारत में निवास करने के साथ, हमारी पंचायती राज संस्थाओं की मजबूती ही हमारी सामूहिक प्रगति की गति तय करेगी। विकसित पंचायत, विकसित भारत से अलग नहीं, बल्कि उसकी सबसे मजबूत नींव है।

ये चार राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार बेहतर प्रदर्शन, प्रगति और निरंतर आगे बढ़ने के प्रतीक हैं। ये जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे प्रत्येक सरपंच, पंचायत सचिव और महिला जनप्रतिनिधि के लिए एक प्रेरणा हैं कि उनके समर्पण और प्रयासों को पहचान मिल रही है, उनकी सराहना की जा रही है और उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। बारह वर्षों के निरंतर प्रयासों ने ही ऐसी उत्कृष्टता के उभरने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है। NAeG 2026 में मिली पहचान से लेकर देशभर में बढ़ती सेवा से समृद्धि कार्यशालाओं की गति तक, यह सफलता इस बात की पुष्टि करती है कि ग्रामीण भारत में ई-गवर्नेंस की जड़ें वास्तव में गहरी हो चुकी हैं, और विकसित पंचायत के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण की यह यात्रा हर गुजरते वर्ष के साथ और सशक्त होती जा रही है।

**(लेखक केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री हैं।)**

### 21 साल बाद पीडिया क्षेत्र में गूंजी स्कूल की घंटी, 11 गांवों के 539 बच्चों को मिल रहा शिक्षा का अधिकार

# आतंक के साये से निकलकर नया भविष्य गढ़ रहा बीजापुर : जानकी कोरसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 2 जुलाई।** नक्सली आतंक और लाल हिंसा के कारण वीरान पड़े पीडिया क्षेत्र में अब बच्चों की किलकारियां और स्कूल की घंटियां सुनाई देने लगी हैं। 21 वर्षों तक बंद रहने के बाद बीजापुर जिले के पीडिया क्षेत्र के 11 स्कूलों का पुनः संचालन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल और कलेक्टर के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रयासों से अब 11 गांवों के 539 बच्चों को अपने ही गांव में शिक्षा का अधिकार मिल रहा है। यह केवल स्कूलों के पुनः खुलने की कहानी नहीं, बल्कि भय से विश्वास और अंधकार से ज्ञान की ओर बढ़ते बस्तर की नई पहचान है।




### प्रवेशोत्सव में दिखा उत्साह, बच्चों का हुआ आत्मीय स्वागत

पीडिया में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने 11 गांवों के शिक्षादूतों को रजिस्टर एवं शिक्षण सामग्री प्रदान की तथा बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन और स्लेट वितरित कर उनका विद्यालय में प्रवेश कराया। अतिथियों ने बच्चों का तिलक लगाकर, गुलाल लगाते हुए और लड्डू खिलाकर उनका स्वागत किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### शिक्षा ही विकास की पहली सीढ़ी

जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बीजापुर जिला आतंक के साये से निकलकर नया भविष्य का निर्माण करने की ओर बढ़ रहा है। अब पीडिया क्षेत्र विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है और शिक्षा उसकी सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। उन्होंने आश्वस्त किया कि विद्यालयों में भवन, पेयजल, बिजली सहित सभी आवश्यक सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएंगी।

सलवा जुडूम के दौरान माओवादी हिंसा के कारण पीडिया क्षेत्र के कई स्कूल बंद हो गए थे और उनके भवन भी ध्वस्त कर दिए गए थे। अब जिन गांवों में विद्यालयों का पुनः संचालन शुरू हुआ है, उनमें पीडिया, पेदापाल, छोटेगोटोडी, कुएम, मदपाल, अंडरी, इडेनार, डोंडीतुमनार, मिरगानघोटूल, गमपुर और तमोड़ी शामिल हैं। इन गांवों के बच्चों को अब शिक्षा के लिए दूरस्थ क्षेत्रों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

### इस वर्ष 37 बंद स्कूलों का हुआ पुनः संचालन

जिला शिक्षा अधिकारी राजेश पांडे ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की पहल पर जिले में बंद स्कूलों को मूल गांवों में पुनः संचालित करने का अभियान लगातार जारी है। इस वर्ष अब तक 20 प्राथमिक एवं 17 उच्च प्राथमिक, कुल 37 स्कूलों का संचालन दोबारा शुरू किया जा चुका है। इन विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है।

### शिक्षा से सभी को जोड़ना हमारी प्राथमिकता:कलेक्टर

जिले में 21 वर्षों से बंद पड़े विद्यालयों को माओवाद से मुक्ति मिलने के बाद पुनः संचालित किया गया है। वर्तमान में 37 स्कूलों का संचालन शुरू किया जा चुका है और यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक गांव तक शिक्षा पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हर बच्चे को उसके मूल गांव में शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशासन का लक्ष्य है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

**बदलते बस्तर की नई तस्वीर**-पीडिया क्षेत्र में 21 वर्षों बाद स्कूलों का पुनः खुलना केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और विश्वास की वापसी का प्रतीक है। जिन गांवों में कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी, वहां आज बच्चों की पाठशालाएं सज रही हैं। यह बदलाव इस बात का प्रमाण है कि बीजापुर अब आतंक की छाया से निकलकर शिक्षा, विकास और सुशासन के नए युग की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रहा है।जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम ने कहा कि पीडिया में बच्चों के कंधों पर स्कूल बैग देखना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और खुशी का क्षण है। यह बदलाव विकास की नई दिशा तय करेगा।जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी ने कहा कि वर्षों बाद गांवों में स्कूलों का फिर से खुलना ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार और जिला प्रशासन बधाई के पात्र हैं।सरपंच सन्नू अवलम ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण शिक्षा के विकास में हरसंभव सहयोग करेंगे।

## एक नजर

### भाजयुमो शक्ति केंद्र बारसूर की बैठक में बूथ जीतने की बनी रणनीति



**गीदम, 2 जुलाई (तछसं.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के तहत,भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देश अनुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता के मार्गदर्शन में शक्ति केंद्र बारसूर -02 के बूथ क्रमांक -8 में युवा मोर्चा की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में डिजिटल लर्निंग के माध्यम से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। युवा मोर्चा के सभी ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संगठन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री राजेश नाग,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र ठाकुर,जिला मंत्री हितेश सिन्हा,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील नाग,युवा मोर्चा महामंत्री द्वय ऋषित राव,सुनील अटामी, उपाध्यक्ष सुखराम मंडावी,मंत्री नामेश कश्यप,युनित कश्यप,सह कोषाध्यक्ष चुभू कश्यप एवं समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### कृषि साख सहकारी समितियों की भूमिका विषय पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

**कोंड़ागांव, 2 जुलाई ।** सहकारी सप्ताह के अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, कोंड़ागांव शाखा के आज बुधवार को सभाकक्ष में जिला सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी), किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) की भूमिका विषय पर विचार गोष्ठी एवं व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले की सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) एवं लैम्प्स के प्राधिकृत अधिकारी उपस्थित रहे।

# घड़ी चौक में जर्जर फुटपाथ धंसा, नाले में गिरे गाय-बछड़ा, बड़ा हादसा टला



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरन्दुल,2 जुलाई।** घड़ी चौक स्थित पूजा विश्वास की दुकान के सामने शनिवार देर रात जर्जर एवं कथित गुणवत्ता-हीन फुटपाथ स्लैब अचानक धंस गया, जिससे एक गाय और उसका बछड़ा नाले में गिर गए। दोनों पशुओं को चोटें आईं। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई राहगीर मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा जनहानि वाला हादसा हो सकता था।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और आम नागरिक आवागमन करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जर्जर स्लैब की मरम्मत या बदलने की मांग कई बार वार्ड पार्षद गोपीनाथ तथा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह सहित संबंधित जनप्रतिनिधियों के समक्ष मौखिक रूप से उठाई गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया।

निवासियों ने बताया कि नगर पालिका चुनाव के दौरान भी सभी प्रत्याशियों ने इस खतरनाक स्लैब को हटाकर मजबूत निर्माण कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक वादा पूरा नहीं हुआ। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में नाराजगी और निराशा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन एवं नगर पालिका से तत्काल जर्जर स्लैब हटाकर सुरक्षित निर्माण कराने तथा भविष्य में किसी बड़े हादसे से पहले जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा ठोस कार्रवाई करने की मांग की है।

### आरपीएफ ने ट्रेन में परिजनों से बिछड़े नाबालिग को परिजनों को सौंपा

**जगदलपुर, 2 जुलाई।** बस्तर में तैनात आरपीएफ को आज बुधवार को जयपुर से सूचना प्राप्त हुई कि ट्रेन संख्या 18447 में एक नाबालिग बालक छूट गया है। सूचना मिलते ही एसआई टीएल. राव, आर.वी.एम. कुमार एवं कांस्टेबल एस.के. राजक जगदलपुर के पर्यवेक्षण में, तत्काल जगदलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 3 पर उक्त ट्रेन की जांच हेतु पहुंचे। जांच के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 3 के नक्तीसेमरा छोर पर उक्त ट्रेन के जनरल कोच से उतरने के बाद लगभग 11 वर्ष का एक नाबालिग बालक मिला। पूछ-ताछ करने पर उसने अपना नाम महेंद्र बहादुर, पिता लाल बहादुर, निवासी जयपुर, जिला कोरापुट, ओडिशा बताया तथा अपना मोबाईल नंबर उपलब्ध कराया। तत्पश्चात बालक का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे देखभाल, संरक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु आरपीएफ पोस्ट, जगदलपुर लाया गया।

# उपसंभागीय निरीक्षक (डाक) आरएस मिश्रा को स्थानान्तरण पर दी गई विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागांव,2 जुलाई।** डाक विभाग में पदस्थ उपसंभागीय निरीक्षक (डाक) श्री आर.एस. मिश्रा के जमनीपाली (कोरबा) स्थानांतरण होने पर बुधवार को उपडाकघर कोंडागांव में डाक कर्मचारियों द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री मिश्रा का पुष्पगु'छ भेंट कर स्वागत एवं केक काटकर किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने उन्हें स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित कर्मचारियों ने बारी-बारी से उनके कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए उनके सरल, सौम्य एवं सहयोगी व्यक्तित्व तथा उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना की।



उन्होंने कोंडागांव में तीन वर्ष सेवा दी जिसमे सभी प्रकार के डाक सेवा जैसे डाक जीवन बीमा मृत्यु दावा, विभागीय लक्ष्य, भर्ती प्रक्रिया, स्थानांतरण जैसे सेवाओ को भलीभांति सरलता से निपटान किया। वक्ताओं ने कहा कि श्री मिश्रा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विभाग ने विभिन्न योजनाओं एवं विभागीय लक्ष्यों की सफलतापूर्वक पूर्ति की। उनके कार्यकुशल, सकारात्मक एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार ने सभी कर्मचारियों को सदैव प्रेरित किया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विभागीय कार्यों को नई गति प्रदान करते हुए कर्मचारियों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई। अपने संबोधन में श्री मिश्रा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्नेह, सहयोग एवं सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया तथा कहा कि कोंडागांव में बिताया गया समय उनके लिए सदैव अविस्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम के अंत में स्वल्पाहार के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर उपडाकपाल एस.एल. गोटी, आईपीपीबी शाखा प्रबंधक प्रीतम कुमार गुप्ता, सतेंद्र साव, देवेंद्र तिवारी (एसपीएम), दयाराम ध्रुव, नईम खान, अनिल दीवान, डिकेश मिर्झा (बीपीएम), हरेंद्र यादव (डाक अधिदर्शक), चमन नेताम, कुंदन कुमार, गुगुलोथ सतीश, नम्रता बंधैया, कवित्त ठाकुर, बालमुकुंदी बंजारे, गीतेश्वर राव, आशीष कुमार, भारत साहू, संदीप राव, चेतमन मरकाम, कुश पांडे, हरीश साहू, अनिल पटेल, वेदप्रकाश, रोशनी पटेल, नीलू एवं रूबी दिवाकर सहित बड़ी संख्या में डाक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### सांसद महेश कश्यप की उपस्थिति में जिलास्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का किया गया आयोजन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 2 जुलाई।** जिले में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालयों से जोड़ने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद महेश कश्यप उपस्थित रहे। सर्वप्रथम माता सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। अधिकारी और शिक्षकों के द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों ने स्वागत गीत एवं मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया, जिससे पूरा कार्यक्रम उत्साह और उल्लास से भर उठा।कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार पाण्डे द्वारा कलेक्टर के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर और अध्ययन सामग्री प्रदान कर विद्यालय परिवार में स्वागत किया गया। अतिथियों ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा को सबसे मजबूत आधार बनाने का संदेश दिया।सांसद महेश कश्यप ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा शासन की शिक्षा संबंधी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, सीईओ नम्रता चौबे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैया, जनपद अध्यक्ष भोपालपटनम, बीजापुर, भैरमगढ़, उसूर, शिक्षा विभाग से समस्त विकासखंड अधिकारी, बीआरसी, सहित अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में शिक्षा के प्रति उत्साह और जनभागीदारी देखने को मिली।

### मुर्गीपालन बना आय का जरिया, सदाशिव कमा रहे हैं प्रतिवर्ष 80 हजार रुपये



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 2 जुलाई।** शासन प्रशासन की विभिन्न योजनाएं जिले में आजीविका संवर्धन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी साबित हो रही हैं। ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम उल्लूर निवासी सदाशिव कुरगुड़ ने पशुधन विकास विभाग की किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लेकर मुर्गी पालन व्यवसाय शुरू किया है। मुर्गी पालन के लिए पर्याप्त पूंजी के लिए शासन द्वारा संचालित किसान क्रेडिट कार्ड योजना बना आजीविका के लिए नया साधन। पशुधन विभाग के मार्गदर्शन से उन्हें बैंक द्वारा 30 हजार रुपये का ऋण प्राप्त हुआ, जिससे उन्होंने मुर्गी पालन के लिए चूजे एवं आवश्यक आहार की व्यवस्था की। सही प्रबंधन, नियमित देखभाल और विभागीय तकनीकी मार्गदर्शन के चलते उनका मुर्गी पालन व्यवसाय लगातार आगे बढ़ा। वर्तमान में वे प्रतिवर्ष लगभग एक लाख रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं, जिसमें से करीब 80 हजार रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हो रहा है। इस अतिरिक्त आय से उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है।सदाशिव कुरगुड़ ने बताया कि पशुधन विकास विभाग की योजना ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया। अब उनका लक्ष्य भविष्य में एक व्यावसायिक पोल्ट्री फार्म स्थापित कर रोजगार का विस्तार करना है। उन्होंने पशुधन विकास विभाग एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### नक्सलियों से मिले 10 करोड़ नकद एवं 7.248 किलो सोना पर दावा-आपत्ति आमंत्रित

**बीजापुर, 2 जुलाई ।** जिले में नक्सलियों के आत्मसमर्पण के दौरान सुरक्षाबलों के कब्जे में आई करोड़ों की नकदी और सोने को लेकर शासन ने दावा-आपत्ति आमंत्रित किया है। किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य पक्ष का इस संपत्ति पर मालिकाना हक या वैध दावा है तो वह 3 जुलाई तक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। पुलिस के मुताबिक कुटरू थाना में दर्ज अपराध के तहत जब्त संपत्ति को कब्जे में लेने की कार्रवाई चल रही है।

# भव्य स्वागत के बाद शकील मोहम्मद रिजवी ने संभाला जिला कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 2 जुलाई ।** जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा के नवनियुक्त अध्यक्ष शकील मोहम्मद रिज़वी के प्रथम नगर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बारिश के बीच उनका गर्मजोशी और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया। बारिश के बावजूद कार्यकर्ताओं का जोश कम नहीं हुआ। गीदम नया नाका (गुमड़ा चौक) पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस दौरान आतिशबाजी, कांग्रेस के पक्ष में गूंजते नारों और ढोल-नगाड़ों के बीच पूरे क्षेत्र का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। लगातार हो रही बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता स्वागत में डटे रहे।

स्वागत रैली के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय में पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जहां नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शकील मोहम्मद रिज़वी ने विधिवत जिला कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य अवधेश गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष सलीम राजा उस्मानी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। वरिष्ठ नेताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में जिले में कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की गतिविधियों को नई गति मिलेगी।



पदभार ग्रहण करने के बाद अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष शकील मोहम्मद रिज़वी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन की वास्तविक ताकत उसके कार्यकर्ता हैं और सभी को साथ लेकर संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा तथा कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी की एकजुटता और मेहनत से कांग्रेस जिले में और अधिक मजबूत होगी। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी गईं।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, जिला महामंत्री मनीष भट्टाचार्य, जिला महामंत्री रितेश जैन, जिला महामंत्री विमल सलाम, जिला पंचायत सदस्य महिला कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव तूलिका कर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रवीण राणा जिला महामंत्री मनोज कौरव, जिला महामंत्री राजकुमार जायसवाल, जिला सचिव जीतेन्द्र कश्यप, महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंद्र शर्मा पीसीसी मेंबर रूपधर नाग जिला सचिव अनिल सोनो अल्पसंख्यक के प्रदेश उपाध्यक्ष मनु वर्गीश ब्लॉक अध्यक्ष दंतेवाड़ा सुमित्रा शोरी ब्लॉक अध्यक्ष बचेली ग्रामीण नंदा कुंजाम ब्लॉक अध्यक्ष किरंदुल राजेंद्र कौर ब्लॉक अध्यक्ष बारसूर किरत आलमी ब्लॉक अध्यक्ष कुआकोंडा रामकुमार नाग अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष आशिफ राजा नगर पालिका उपाध्यक्ष किरंदुल बबलू सिद्दीकी, पार्षद एन नागराज पार्षद राधा ठाकुर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गणेश दुर्गा जिला कांग्रेस मिडिया प्रभारी मनीष ठाकुर आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष शंकर कुंजाम पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष मंगल यादव युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष उमेश कश्यप युवा कांग्रेस जिला महासचिव धीरू कुमार नाग,एनएसयूआई जिला अध्यक्ष वेदांत पांडे समेत सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# एनएमडीसी ने पहली तिमाही की अब तक की सर्वाधिक मात्रा दर्ज की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**हैदराबाद, 2 जुलाई।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक और जिम्मेदार खनिक एनएमडीसी ने स्थापना के बाद से अपनी पहली तिमाही का अबतक का सर्वोच्च उत्पादन और बिक्री दर्ज करके वित्त वर्ष 27 की शुरुआत की है, जिससे भारत की इस्पात मूल्य-श्रृंखला की रीढ़ के रूपमें इसकी स्थिति मजबूत हुई है । कंपनी ने वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही के दौरान 15.10 एमटी लौह अयस्क का उत्पादन किया, जो वर्ष-दर-वर्ष 26त्न की वृद्धि दर्शाता है, जबकि बिक्री 11.75 एमटी हुई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2त्न की वृद्धि दर्शाती है । यह रिकॉर्ड तिमाही प्रदर्शन निरंतर घरेलू मांग, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक में अपने खनन परिसरों में परिचालन उत्कृष्टता और उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर कंपनी के निरंतर ध्यान को दर्शाता है ।



तिमाही को और अधिक गतिशील बनाते हुए एनएमडीसी ने 5.15 एमटी के उत्पादन और 3.98 एमटी की बिक्री के साथ जून माह में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन दर्ज किया, जो वर्ष-दर-वर्ष क्रमशः 44 प्रतिशत और 11 प्रतिशतकी प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है । इस प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, एनएमडीसी ने कहा, बुनियादी ढांचे और विनिर्माण क्षेत्र में भारत का निरंतर निवेश लौह अयस्क की मांग को मजबूत करता है, और एनएमडीसी इस आवश्यकता को पैमाने, दक्षता और जिम्मेदारी के साथ पूरा कर रहा है ।

हमारी अब तक की सबसे मजबूत पहली तिमाही हमारे संचालन की सुस्थिरता, हमारे कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और घरेलू इस्पात उद्योग द्वारा हम पर रखे गए विश्वास को दर्शाती है । जैसे-जैसे हम खनन क्षमताओं का विस्तार करते हैं, लॉजिस्टिक्स को मजबूत करते हैं और अपने बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करते हैं, हम एक वैश्विक खनन पावरहाउस बनने की अपनी दीर्घकालिक आकांक्षा की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं । इस्पात की मजबूत घरेलू मांग और सरकार के बुनियादी ढांचे के प्रोत्साहन से प्रेरित होकर, एनएमडीसी अपने खनन कार्यों के चरणबद्ध संवर्धन,रणनीतिक खदान विकास और आधुनिक निकासी बुनियादी ढांचे में निवेश के माध्यम से अपनी क्षमता-विस्तार रोडमैप में तेजी ला रहा है । यह पहलें लगातार कंपनी की उत्पादन क्षमताओं को बढ़ा रही हैं, जिससे यह अपने महत्वाकांक्षी 100 एमटी क्षमता के दृष्टिकोण पर दृढ़ता से आगे बढ़ रही है, साथ ही भारत के दीर्घकालिक इस्पात विकास का समर्थन करने के लिए लौह अयस्क की एक विश्वसनीय और उच्च-गुणवत्ता वाली आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है ।

### कक्षा पहली के बच्चों का प्राथमिकता के साथ जाति प्रमाणपत्र बनाएं: कलेक्टर

**जगदलपुर, 2 जुलाई ।** बस्तर जिले के कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री छिकारा ने स्कूलों में बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेषकर नव प्रवेशी बच्चे और कक्षा पहली के बच्चों को प्राथमिकता देते हुए स्कूलवार, कक्षावार एवं श्रेणीवार जानकारी तैयार कर कार्रवाई करने कहा। इस कार्य के लिए प्रत्येक स्कूल में एक शिक्षक को नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**रायगढ़, 2 जुलाई।** जिले में लगातार बदलते मौसम और वर्षा ऋतु को देखते हुए आमजन को मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जगत ने नागरिकों से मौसम परिवर्तन के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मौसम और तापमान में बदलाव के कारण विभिन्न प्रकार के संक्रमण तेजी से फैलने की आशंका रहती है। विशेष रूप से वर्षा ऋतु में उल्टी-दस्त, पीलिया, टायफाइड सहित अन्य जलजनित एवं खाद्य जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में यदि दैनिक जीवन में स्वच्छता और सुरक्षित खानपान की आदतों को अपनाया जाए तो इन बीमारियों से काफी हद तक बचाव संभव है।स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि पीने के पानी को उबालकर अथवा शुद्ध करके ही उपयोग करें। घर एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा गंदगी, कचरा और सड़े-गले पदार्थों का जमाव न होने दें। बाजार से खरीदे गए फल, सब्जियां, मांस और मछली को अच्छी तरह धोकर ही उपयोग करें। खुले में रखे खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें तथा हमेशा ताजा और गर्म भोजन करें। साथ ही शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन-सी युक्त फल एवं पौष्टिक आहार का नियमित सेवन करें। बरसात के मौसम में मच्छरों तथा जहरीले कीड़े-मकोड़ों के काटने की संभावना भी बढ़ जाती है। इससे बचाव के लिए रात में मच्छरदानी का उपयोग करें, घरों में पानी जमा न होने दें तथा आवश्यकतानुसार कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कराएं। किसी भी व्यक्ति में तेज बुखार, लगातार उल्टी-दस्त, पीलिया अथवा अन्य गंभीर लक्षण दिखाई देने पर स्वयं उपचार करने के बजाय तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय परामर्श लें। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि छोटी-छोटी सावधानियों को अपनाकर स्वयं और अपने परिवार को मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रखें तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी सलाह का पालन करें।

### शासकीय प्रैक्टिसिंग प्राथमिक पाठशाला ने पूरे किए 100 वर्ष, धूमधाम से मनाया गया शताब्दी समारोह

**कांकेर, 2 जुलाई ।** शासकीय प्रैक्टिसिंग प्राथमिक पाठशाला कांकेर के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज शताब्दी समारोह-2026 एवं शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री आशाराम नेताम ने कहा कि विद्यालय के 100 वर्ष पूर्ण होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव और हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अच्छा व्यवहार और नैतिक मूल्यों की जानकारी देना भी आवश्यक है। विद्यालय में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात भी कही। शासकीय प्रैक्टिसिंग प्राथमिक शाला कांकेर में कक्षा पहली से तीसरी तक अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं प्रारंभ होने की जानकारी भी उनके द्वारा दी गई। कार्यक्रम को हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरुण कौशिक ने भी संबोधित किया। उन्होंने विद्यालय के गौरवशाली इतिहास और शिक्षा के क्षेत्र में इसके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री नेताम द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। वहीं कक्षा 9वीं की छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल प्रदान की गई। विधायक श्री नेताम द्वारा भूतपूर्व शिक्षकों को साल एवं श्रीफल से सम्मानित भी किया गया।

### सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर न्याय संहिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोंडागांव, 2 जुलाई ।** जिला पुलिस द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज बुधवार को नवीन न्याय संहिता (भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023) के प्रचार-प्रसार एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा एवं अन्य अधिकारियों ने नवीन आपराधिक कानूनों की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला। इन कानूनों के माध्यम से देश को औपनिवेशिक युग की दंड व्यवस्था से मुक्त कर आधुनिक, पीड़ित-केंद्रित, तेज एवं पारदर्शी न्याय प्रणाली प्रदान करने का प्रयास किया गया है। शून्य एफआईआर, ई-एफआईआर, अनिवार्य फॉरेंसिक जांच, समयबद्ध ट्रायल, कम्युनिटी सर्विस एवं संगठित अपराध, मॉब लिंचिंग जैसी नई धाराओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होने कहा कि नवीन न्याय संहिता अपराधियों के लिए कठोर एवं पीड़ितों के लिए न्यायसंगत है।

# जिला पंचायत सीईओ ने बनसिया-ननसिया के बायोगैस प्लांट का किया निरीक्षण

## प्लांट को शीघ्र पूर्णतः क्रियाशील बनाने, पाइपलाइन विस्तार कर अधिक घरों तक गैस सुविधा पहुंचाने के निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 2 जुलाई।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने तथा बायोगैस परियोजनाओं के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे ने आज ग्राम पंचायत बनसिया-ननसिया में स्थापित बायोगैस प्लांट का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने प्लांट की वर्तमान कार्यशील स्थिति, गैस उत्पादन क्षमता, पाइपलाइन व्यवस्था एवं लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का विस्तार से जायजा लिया तथा अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान सीईओ श्री पठारे ने ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच एवं रोजगार सहायक को निर्देशित किया कि बायोगैस प्लांट में आवश्यक तकनीकी एवं संरचनात्मक सुधार प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किए जाएं, ताकि प्लांट को पूरी तरह कार्यशील बनाकर ग्रामीणों को नियमित रूप से गैस की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ एवं सुलभ ईंधन उपलब्ध कराना है, इसलिए इसके संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वर्तमान पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार कर अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। इससे न केवल ग्रामीणों को स्वच्छ ईंधन मिलेगा, बल्कि पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम होगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।सीईओ श्री पठारे ने बायोगैस प्लांट के नियमित संचालन, रख-रखाव एवं सतत मॉनिटरिंग पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण कर प्लांट की कार्यप्रणाली की समीक्षा करें, ताकि किसी भी तकनीकी समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और बायोगैस प्लांट ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़, उप संचालक पंचायत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा क्लस्टर कोऑर्डिनेटर भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने तथा योजना का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

# सुशासन की संवेदनशील पहल से 100 दिन बाद रामदास महंत की हुई घर वापसी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 2 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की अवधारणा केवल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तक सीमित नहीं है, बल्कि संकट की घड़ी में हर नागरिक तक समय पर सहायता पहुंचाना भी इसकी प्राथमिकता है। रायगढ़ जिले में संवेदनशील और मानवीय प्रशासन का एक प्रेरक उदाहरण सामने आया है, जहां लगभग 100 दिनों से लापता मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक रामदास महंत की सोशल मीडिया से मिली सूचना के आधार पर खोजबीन कर जिला प्रशासन ने उनकी सकुशल घर वापसी सुनिश्चित की है।

पुसौर विकासखंड के ग्राम पुटकापुरी निवासी रामदास महंत मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण करीब 100 दिन पहले घर से निकल गए थे। परिजनों और ग्रामीणों ने लगातार उनकी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसी बीच सोशल मीडिया के माध्यम से उनके राजस्थान के सिरोही जिले में होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही



कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया। संबंधित थाना प्रभारी ने राजस्थान स्थित मानव सेवा आश्रम से संपर्क किया, जहां पुष्टि हुई कि रामदास महंत पिछले लगभग 15 दिनों से सुरक्षित हैं।

इसके बाद जिला प्रशासन ने उनकी घर वापसी के लिए त्वरित व्यवस्था की। ग्राम पुटकापुरी के कोटवार श्री टिकस सिदार और श्री जीतेश महंत को राजस्थान भेजा गया। प्रशासन ने यात्रा के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई और रेल आरक्षण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की। आरक्षण में आई तकनीकी कठिनाइयों के समाधान में क्षेत्रीय सांसद श्री राधेश्याम राठिया का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। 30 जून 2026 को रामदास महंत को राजस्थान से छत्तीसगढ़ के लिए रवाना किया गया और अब वे सकुशल अपने गांव लौट रहे हैं, जहां उनका परिवार और ग्रामीण भावुक होकर उनके स्वागत की तैयारी में हैं। ग्राम पंचायत पुटकापुरी के सरपंच रमाकांत पटेल ने बताया कि रामदास की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे घर से निकल गए थे। सोशल मीडिया के माध्यम से उनके राजस्थान में होने की जानकारी मिलने के बाद भी प्रारंभ में परिवार का कोई सदस्य उन्हें लेने जाने के लिए तैयार नहीं हुआ। ऐसे समय में ग्रामीणों ने आगे आकर जिम्मेदारी निभाई और जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन के सहयोग से उनकी घर वापसी का मार्ग प्रशस्त किया। प्रशासन ने यात्रा के लिए 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई। इस पूरे प्रयास में ग्राम के लक्ष्मीकांत पटेल, मनोज गोयल, जीवन पटेल, जय पटेल, धुराउ महंत, विशंभर महंत सहित अनेक ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

# सेवा सेतु पोर्टल से नम्रता पटेल को घर बैठे मिला आय प्रमाण-पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 2 जुलाई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में शासन की सेवाओं को आम नागरिकों तक सरल, सुगम और पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के लिए डिजिटल व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुरू किए गए सेवा सेतु पोर्टल ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाना शुरू कर दिया है। रायगढ़ जिले के खरसिया तहसील अंतर्गत ग्राम जैमुड़ा निवासी नम्रता पटेल को इस डिजिटल पहल का सीधा लाभ मिला है, जिससे उन्हें समय पर आय प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ और अब वे विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए पात्र हो सकी हैं।



ग्राम जैमुड़ा निवासी नम्रता पटेल ने बताया कि उन्हें पढ़ाई और अन्य शासकीय सेवाओं के लाभ के लिए आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। इसी दौरान उन्हें सेवा सेतु पोर्टल की जानकारी मिली। पोर्टल के माध्यम से ग्राम और तहसील स्तर पर स्थापित सेवा सेतु केंद्रों के जरिए विभिन्न सरकारी सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। नम्रता पटेल ने इस सुविधा का लाभ उठाते हुए अपने आय प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया। उन्होंने 19 जून को सेवा सेतु के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया, जिसे प्रशासन द्वारा त्वरित प्रक्रिया के तहत 22 जून को अनुमोदित कर दिया गया। कुछ ही दिनों में उन्हें अपना आय प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया। नम्रता पटेल ने बताया कि पहले जो काम कई दिनों और कभी-कभी महीनों में पूरा होता था, वह अब डिजिटल व्यवस्था के कारण बेहद आसान हो गया है। उन्हें न तो सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने पड़े और न ही अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस सुविधा से उनके समय और पैसे दोनों की बचत हुई है। उन्होंने इस सुविधा के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया।

### 41वां चक्रधर समारोह-2026

# कबड्डी और कुश्ती प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए समिति गठित

■ कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**रायगढ़, 2 जुलाई ।** 41वें चक्रधर समारोह-2026 के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। समारोह के दौरान आयोजित होने वाली पारंपरिक एवं लोकप्रिय खेल प्रतियोगिताओं के सफल संचालन, सुव्यवस्थित प्रबंधन और बेहतर समन्वय के लिए कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री मयंक चतुर्वेदी ने कबड्डी एवं कुश्ती खेल आयोजनों के लिए अलग-अलग समितियों के गठन का आदेश जारी किया है। यह समिति कबड्डी एवं कुश्ती प्रतियोगिता के आयोजन, खिलाड़ियों की सुविधा, तकनीकी व्यवस्थाओं, प्रतियोगिता संचालन एवं अन्य आवश्यक पहलुओं पर अपने सुझाव प्रस्तुत करेगी। हालांकि आयोजन से जुड़े अंतिम निर्णय चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष द्वारा लिए जाएंगे।

कबड्डी खेल आयोजन समिति में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की सहायक संचालक श्रीमती प्रतिमा सागर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। समिति में राजपरिवार के प्रतिनिधि श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक कोषालय अधिकारी श्री पुष्पेन्द्र चन्द्रा, अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी निर्णायक श्री राजेश पटनायक, क्रीड़ा अधिकारी श्री सौरभ प्रधान, व्यायाम शिक्षिका श्रीमती विनीता पाणि तथा सहायक पुलिस उप निरीक्षक श्री राजेश पटेल को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

कुश्ती प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए गठित समिति की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे करेंगे। समिति में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग श्री श्रीकांत दुबे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह समिति में राजपरिवार के प्रतिनिधि श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, डीएमसी राजीव गांधी शिक्षा मिशन श्री नरेन्द्र चौधरी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री महेश पटेल, श्री दिनेश जायसवाल, श्री बलबीर शर्मा एवं श्री श्याम सोनी को सदस्य बनाया गया है।

### जिले में 75.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 2 जुलाई ।** रायगढ़ जिले में 1 जुलाई तक 75.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 163.7 मिली मीटर, पुसौर में 88, खरसिया में 67.2, घरघोड़ा में 35.8, तमनार में 105.6, लैलूंगा में 49, मुकडेगा में 49.8, धरमजयगढ़ में 26.8, छाल में 79.8 एवं कापू में 87.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### वर्ष भर सुरक्षित स्थान में छुपकर रहने वाला वाटरकाक-कपकपिय पक्षी दिखा

**जगदलपुर, 2 जुलाई ।** वर्ष भर सुरक्षित स्थान में छुपकर रहने वाला वाटरकाक पक्षी जिसे बस्तर की स्थानीय बोली में कपकपिया कहते हैं नजर आने लगे हैं। वाटरकाक का वैज्ञानिक नाम गेलिक्रैक्र्स सिनेरिया है। यह पक्षी गेलिक्रैक्र्स वंश का इकलौता सदस्य है। पक्षी प्रेमी इसकी तस्वीर लेने के लिए साल भर का इंतजार करते हैं। बरसात के प्रारंभ से ही यह खेतों में दिखते हैं लेकिन इन्हें देख पाना इसलिए दुर्लभ है क्योंकि यह बड़े छुपे रुस्तम होते हैं। इसे दुर्लभ माना जाने लगा है कि क्योंकि इनकी संख्या कम हो रही है।प्रजनन काल में कपकपिया पक्षी पानी का बोतल उलट करके खाली करने जैसी आवाज निकालते हैं।

### गाज गिरने से 9 बकरियों की मौत, पशुपालक को भारी नुकसान



**बीजापुर, 2 जुलाई।** जिले में मानसून के दौरान आकाशीय बिजली ने एक बार फिर कहर बरपाया है। चेरकंटी पंचायत के कोटेर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से 9 पालतू बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पशुपालक को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा हैमिली जानकारी के अनुसार, बारिश के दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में बकरियां आ गईं। बिजली का झटका इतना तेज था कि सभी 9 बकरियों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही प्रशासन ने मामले की जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है। राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारी नुकसान का आकलन कर आवश्यक कार्रवाई में जुटे हैं। प्रभावित पशुपालक ने शासन से आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की हैमानसून के दौरान लगातार आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के समय खुले मैदान, पेड़ों के नीचे और ऊंचे स्थानों पर जाने से बचने तथा सावधानी बरतने की अपील की है।

### नदी से खुलेआम निकाली जा रही रेत, विभागों के जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

# कोदाभाट की नदी पर रेत माफियाओं का कब्जा, अवैध उत्खनन से प्राकृतिक स्वरूप नष्ट हो रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर,2 जुलाई।** जिले के ग्राम पंचायत कोदाभाट की नदी इन दिनों अवैध रेत उत्खनन का केंद्र बनती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि रेत माफिया खुलेआम नदी के गर्भ से बड़े पैमाने पर रेत निकाल रहे हैं और इस पूरे मामले में खनिज एवं राजस्व विभाग की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है। लगातार हो रहे अवैध उत्खनन के कारण नदी का प्राकृतिक स्वरूप प्रभावित हो रहा है और पर्यावरणीय संतुलन पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

#### नदी के अस्तित्व पर बढ़ता संकट

स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी से प्रतिदिन भारी मात्रा में रेत का उत्खनन किया जा रहा है। जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टरों के माध्यम से नदी के भीतर गहराई तक खुदाई की जा रही है, जिससे नदी का प्राकृतिक ढांचा तेजी से बदल रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार इस प्रकार की अनियंत्रित खुदाई से नदी की जलधारण क्षमता प्रभावित होती है और भविष्य में जल संकट की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है।



#### ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश

ग्राम पंचायत कोदाभाट के ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभागों का ध्यान इस ओर आकर्षित करने का प्रयास किया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे दिन और रात दोनों समय रेत का परिवहन कर रहे हैं। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पर्यावरण और भू-जल स्तर पर असर पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि नदी से अत्यधिक मात्रा में रेत निकाले जाने से न केवल नदी की पारिस्थितिकी प्रभावित होती है बल्कि आसपास के क्षेत्रों के भू-जल स्तर पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। नदी की तलहटी में अत्यधिक खुदाई होने से बरसात के दौरान कटाव बढ़ने की संभावना रहती है, जिससे आसपास की कृषि भूमि और ग्रामीण बस्तियों को भी नुकसान पहुंच सकता है।

#### खनिज और राजस्व विभाग की भूमिका पर सवाल

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के बीच चर्चा का विषय यह भी है कि आखिरकार संबंधित विभागों को इस गतिविधि की जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। क्षेत्र में खुलेआम चल रहे रेत उत्खनन और परिवहन को देखकर लोगों का कहना है कि यदि नियमित निगरानी की जाए तो अवैध कारोबार पर आसानी से रोक लगाई जा सकती है। विभागीय निष्क्रियता को लेकर लोगों में असंतोष लगातार बढ़ रहा है।

#### कार्रवाई की मांग तेज

क्षेत्र के नागरिकों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध उत्खनन में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, नदी क्षेत्र में नियमित निगरानी बढ़ाई जाए तथा पर्यावरणीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। लोगों का मानना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोदाभाट की नदी को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है, जिसका खामियाजा आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा।

# स्वास्थ्य मंत्री ने महारानी अस्पताल में 300 बिस्तर विस्तार एवं नई सुविधाओं के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 2 जुलाई ।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज बुधवार को बस्तर अंचल के ऐतिहासिक महारानी अस्पताल का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को अस्पताल की गौरवशाली पहचान के अनुरूप मानवीय संवेदनाओं के साथ मरीजों को बेहतर उपचार एवं सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल को आम लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप अधिक सुविधाजनक और बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने अस्पताल की वर्तमान 200 बिस्तर क्षमता को बढ़ाकर ×00 शैयायुक्त करने के निर्देश देते हुए नए सेटअप तथा अस्पताल भवन उन्नयन का प्रस्ताव विभाग को भेजने कहा।स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में डायलिसिस सेंटर एवं कैंसर यूनिट के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अस्पताल परिसर की अंदरूनी सड़कों की मरम्मत भी शीघ्र करवाने कहा। उन्होंने अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सा कक्ष, ओपीडी, ईसीजी यूनिट तथा ब्लड बैंक का निरीक्षण किया और उपचार के लिए आए मरीजों तथा उनके परिजनों से आत्मीयता से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मंत्री ने अटल आरोग्य लैब का भी निरीक्षण करते हुए यहां उपलब्ध जांच सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक उपकरणों की शीघ्र स्थापना कर सभी 1×4 प्रकार की जांच सुविधाएं जल्द सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर महारानी अस्पताल में केक काटकर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों से समर्पण और सेवा भाव के साथ चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने का आह्वान किया। इस मौके पर विधायक जगदलपुर किरण देव, महापौर संजय पाण्डे सहित अन्य जनप्रतिनिधि और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी समेत महारानी अस्पताल के चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद थे।

# मीणा ने बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक का पदभार किया ग्रहण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 2 जुलाई ।** पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज, जगदलपुर के कार्यालय में आज बुधवार को बद्रीनारायण मीणा ने औपचारिक रूप से बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने सुन्दरराज पट्टलिंगम का स्थान लिया, जो भारत सरकार में प्रतिनियुक्ति पर राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) में पुलिस महानिरीक्षक के रूप में अपनी नई जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं। इस दौरान बस्तर जिले के पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा सहित बस्तर रेंज के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुन्दरराज पट्टलिंगम ने श्री मीणा का स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर में सफल, सुरक्षित एवं अविस्मरणीय कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बस्तर पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी नए पुलिस महानिरीक्षक को भी वही समर्पण, सहयोग एवं टीम भावना प्रदान करेंगे, जिसका अनुभव उन्हें अपने पूरे कार्यकाल के दौरान निरंतर प्राप्त हुआ। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बद्रीनारायण मीणा के नेतृत्व में यह साझा अभियान और अधिक गति प्राप्त करेगा तथा बस्तर को स्थायी शांति, समावेशी विकास एवं समृद्धि के साझा लक्ष्य के और अधिक निकट ले जाएगा। बद्रीनारायण मीणा ने पिछले वर्षों की उपलब्धियों को आगे बढ़ाते हुए सभी हितधारकों के साथ निकट समन्वय में कार्य करने तथा बस्तर में शांति, सुरक्षा, विकास एवं जनविश्वास को और अधिक सुदृढ़ बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सुन्दरराज पट्टलिंगम ने शासन, पुलिस मुख्यालय, बस्तर की जनता, बस्तर पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, सभी सुरक्षा बलों, नागरिक प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, मीडिया जगत तथा सभी हितधारकों के प्रति इस संपूर्ण यात्रा के दौरान उनके अटूट विश्वास, सहयोग एवं समर्थन के लिए हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों की प्रत्येक उपलब्धि सभी संबंधित पक्षों के सामूहिक साहस, समर्पण एवं समन्वित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने वामपंथी उग्रवाद के विरुद्ध संघर्ष के दौरान अपने सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिस एवं सुरक्षा बलों के जवानों के साथ-साथ बस्तर के स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा मीडिया कर्मियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आंगनबाड़ी में कुपोषित बच्चों को छोटेलाल ने पौष्टिक लड्डू खिलाए




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 2 जुलाई।** आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 8 में कुपोषित बच्चों के लिए पौष्टिक लड्डू खिलाने का शुभारंभ से छोटे लाल यदू सहकारी समिति अध्यक्ष सिमगा द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर एवं लड्डू खिलाकर किया गया यदू यदि ने अपनी बात रखते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णु देव की सरकार आंगनवाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों के लिए रेडी टू ईट की माध्यम से पौस्टिक आहार दिया जाता है ताकि कोई बच्चा कुपोषित ना हो हमारी सरकार छत्तीसगढ़ की आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए वजन मशीन भी दिया जाता है ताकि बच्चों का वजन के हिसाब से पौस्टिक आहार दिया जा सके शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खिलौने की व्यवस्था करती है सरकार द्वारा समय-समय में हर घर में सर्वे भी कराती हैं ताकि को भी बच्चा कुपोषित ना हो स्वस्थ रहें। वार्ड क्रमांक 8 आंगनवाड़ी केंद्र मे बच्चों को आगामी 6 महीने तक पौष्टिक लड्डू खिलाया जाएगा। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नुसरत परवीन सहायिका उमा देवांगन प्रीति प्रजापति मंजू साहू माहेश्वरी देवांगन निशा देवांगन खेदिया राधिका मनीषा सहित बच्चों के माता-पिता उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### मंत्री टंक राम वर्मा ने नरेंद्र शर्मा को शिक्षा विभाग का प्रतिनिधि बनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 2 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास तथा उच्च शिक्षा मंत्री एवं बलौदाबाजार विधायक टंक राम वर्मा द्वारा शिक्षा विभाग से संबंधित नियमित बैठकों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए तिल्दा-नेवरा निवासी नरेंद्र शर्मा को प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में प्रसन्नता व्यक्त की जा रही है। जारी आदेश के अनुसार, नरेंद्र शर्मा शिक्षा विभाग से संबंधित बैठकों में मंत्री टंक राम वर्मा के प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे तथा शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों एवं जनसमस्याओं के निराकरण में समन्वय स्थापित करेंगे।

इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा ने मंत्री टंक राम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव सक्रिय रहेंगे। उन्होंने माननीय मंत्री टंक राम वर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ जनसेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर है। वे शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर समन्वय एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देंगे।

## एक नजर

### शिक्षा विभाग की बैठक के लिए प्रतिनिधि नियुक्त करने पर नरेंद्र शर्मा ने मंत्री का जताया आभार

**तिल्दा-नेवरा, 2 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व



एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास तथा उच्च शिक्षा मंत्री एवं बलौदाबाजार विधायक टंक राम वर्मा द्वारा शिक्षा विभाग से संबंधित नियमित बैठकों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए तिल्दा-नेवरा निवासी नरेंद्र शर्मा को प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में प्रसन्नता व्यक्त की जा रही है। जारी आदेश के अनुसार, नरेंद्र शर्मा शिक्षा विभाग से संबंधित बैठकों में मंत्री टंक राम वर्मा के प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे तथा शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों एवं जनसमस्याओं के निराकरण में समन्वय स्थापित करेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा ने मंत्री टंक राम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव सक्रिय रहेंगे। उन्होंने माननीय मंत्री टंक राम वर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ जनसेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर है। वे शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर समन्वय एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देंगे।

### डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर महिला मोर्चा की डिजिटल प्रशिक्षण संगोष्ठी

**तिल्दा-नेवरा, 2 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ( )भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, जिला रायपुर ग्रामीण द्वारा आज पंडित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर एक विशेष डिजिटल प्रशिक्षण एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे भाजपा कार्यालय, तिल्दा में संपन्न होगा। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों और बलिदान को स्मरण करते हुए महिला कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यमों में दक्ष बनाना है। संगठन को बूथ स्तर तक तकनीकी रूप से सशक्त करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ये रहेंगी मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शक कार्यक्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की उपाध्यक्षचन्द्रकांती वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगी। उनके साथ भाजपा महिला मोर्चा रायपुर ग्रामीण की प्रभारीप्रीति परगनिहा, सह प्रभारीरेखा सोनकर और कार्यक्रम संयोजकभारती बागल मार्गदर्शन देंगी। जिला संगठन की उपस्थिति कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला अध्यक्षरश्मि वर्मा, जिला महामंत्रीस्वाति वर्मा एवंओम कुमारी साहू के नेतृत्व में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। तिल्दा शहर मंडल की अध्यक्ष रानी सौरभ जैन तथा महामंत्री बेबी गोस्वामी और आकांक्षा वैष्णव ने समस्त जिला एवं मंडल की पदाधिकारी बहनों से समय पर पहुंचने का आग्रह किया है। महिला मोर्चा ने आह्वान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में बहनें उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमामय बनाएं और डॉ. मुखर्जी के एक देश, एक विधान, एक प्रधान के संकल्प को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें।

छत्तीसगढ़ आदिवासी कंडरा समाज वार्षिक अधिवेशन एवं सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण

# छात्रावास निर्माण और प्रति बांस कार्डधारियों के हिसाब से सालाना 1500 नग बांस देने की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 2 जुलाई।** छत्तीसगढ़ कंडरा आदिवासी समाज द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन , अपने नव निर्मित महादेव घाट रायपुरा स्थित नव निर्मित कंडरा आदिवासी सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण, मुख्यातिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री आदरणीय केदार कश्यप के हाथों हुआ। कार्यक्रम में समाज के विकास, शिक्षा और सामाजिक एवं आदिवासी संस्कृति की संरक्षण को लेकर महत्वपूर्ण चर्चाएं।

वन मंत्री केदार कश्यप ने अपने उद्बोधन में समाज के बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सांस्कृतिक भवन के ऊपर नए छात्रावास के निर्माण की घोषणा की साथ ही समाज की मांग बरसो की मांग पर प्रदेश के प्रत्येक बांस कार्ड धारियों के हिसाब से प्रति महीना 150 नग बांस व सालाना 1500 नग बांस दिलाने का आश्वासन देते हुए, कहा कि इसे शीघ्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास, शिक्षा के विस्तार तथा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए हर संभव सहयोग देने की बात कही।

मंत्री केदार कश्यप ने समाज के वरिष्ठजनों से अपनी परंपराओं, संस्कृति और मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का आग्रह किया। साथ ही युवाओं से उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, डिजिटल तकनीक और स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़कर आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान देने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सामाजिक भवन के निर्माण के लिए समाज को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि संगठित समाज, शिक्षित युवा और सशक्त नेतृत्व के बल पर छत्तीसगढ़ कंडरा आदिवासी समाज विकास और प्रगति की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

इस अवसर पर, मुख्य अतिथि, मा. केदार कश्यप मंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन छ.ग. शासन नंदकुमार साय पूर्व नेता प्रतिपक्ष भाजपा व राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति के पूर्व अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ आदिवासी परंपरा औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम, एवं पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ कंडरा आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र कुंजाम ने किया, कार्यक्रम में उपस्थित रहे प्रदेश संरक्षक शांतनु मरकाम, प्रदेश सलाहकार होरीलाल छेदैया प्रेमु छेदैया , कमल नारायण, पुरुषोत्तम मरकाम नरोत्तम मरकाम, विजय मरकाम, कृष्णा कुंजाम, अवि मरकाम, मंजू नेताम, आशु नेताम, धीरेन्द कंडरा, अनसुईया मरकाम, मनीष मरकाम, राकेश नेताम, धर्मेंद्र सोनवान, राकेश नेताम, राजा पड़ौती, शेखर छेदैया, दिनेश, लोचन, खेमलाल कुंजाम, मंगल कंडरा, रवि मरकाम, दिलीप छेदैया, अनिल सोनवान, राकेश छेदैया, कमलेश मरकाम, नारायण मराई, पवन नेताम, थामेश मरकाम, चुक्कू मरकाम, नेहा नेताम, कमल कंडरा, राजू कंडरा, घशिया कंडरा, घासी सोनवान, तुलसी मरकाम, इलेश मरकाम एवं समाज के प्रत्येक ग्राम के गोटिया पंच

समाज के पदाधिकारी, व बड़ी संख्या में समाज के पितृ शक्ति, मातृशक्ति एवं युवा शक्ति उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने दिव्यांगों को प्रदान किए सहायक उपकरण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 2 जुलाई।** जिले में दिव्यांगजनों को सुविधा और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरणों का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को तीन दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए। बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम खम्हरिया निवासी 31 वर्षीय युवक रवींद्र कुमार घृतलहरे को श्रवण यंत्र, कसडोल विकासखण्ड के ग्राम खर्वे निवासी कुमारी लक्ष्मी नवरंगे को व्हीलचेयर तथा पलारी विकासखण्ड के ग्राम ओडान निवासी 27 वर्षीय युवक उत्तम कुमार साहू को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। सहायक उपकरण मिलने से दिव्यांगजनों और उनके परिवारों में खुशी का माहौल है। उत्तम कुमार साहू की माताखेमिन साहू ने बताया कि उनका बेटा बचपन से ही सुनने और बोलने में परेशानी का सामना कर रहा था, जिससे दैनिक जीवन में काफी कठिनाइयां आती थीं। उन्होंने कहा कि श्रवण यंत्र मिलने से अब उनके बेटे को काफी राहत मिलेगी और उसकी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जरूरतमंदों को मिल रही इस मदद से परिवारों को बड़ी सहायता मिल रही है। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपने दैनिक कार्य कर सकें।

## सेवा सेतु से आसान हुआ सरकारी सेवाओं का लाभ, हितग्राही को समय पर मिला निवास प्रमाणपत्र




**बलौदाबाजार, 2 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर नागरिकों को शासकीय सेवाएं सरल, सुगम एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित सेवा सेतु केंद्र का लाभ लगातार हितग्राहियों को मिल रहा है। सेवा सेतु के माध्यम से नागरिकों को घर के नजदीक एवं समय पर विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। विकासखंड विकासखंड के विश्रामपुर निवासी वंदना केसवर को सेवा सेतु केंद्र तहसील कार्यालय सिमगा के माध्यम से उनके बच्चे का निवास प्रमाण पत्र त्वरित रूप से प्राप्त हुआ। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समय-सीमा में किए गए निराकरण से हितग्राही को बिना अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर लगाए प्रमाण पत्र उपलब्ध हो सका। हितग्राही वंदना केसवर ने बताया कि सेवा सेतु केंद्र की सहायता से उन्हें प्रमाण पत्र आसानी से और कम समय में प्राप्त हुआ। अब शासकीय सेवाओं के लिए बार-बार कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं पड़ी, जिससे समय एवं यात्रा व्यय की बचत हुई। सेवा सेतु के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया गया है। इससे नागरिकों का प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है और उन्हें विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है। वर्तमान में सेवा सेतु के माध्यम से 442 सेवाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा नागरिक सुविधा एवं सुशासन की दिशा में सेवा सेतु के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## 14 ग्राम पंचायतों में सेवा सेतु केन्द्र संचालक के लिए आवेदन 17 तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 2 जुलाई।** जिले के 14 ग्राम पंचायतों में आधार पंजीयन कार्य संचालन हेतु इच्छुक आधार ऑपरेटर, सेवा सेतु केन्द्र संचालक, सीएससी संचालक सहित अन्य इच्छुक व्यक्तियों से 17 जुलाई 2026 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।इच्छुक ऑपरेटर कक्ष क्र. 78, प्रथम तल, ई-गवर्नेस कार्यालय बलौदाबाजार में आवेदन जमा कर सकते हैं। प्राप्त जानकारी के.अनुसार जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसदा, अर्जुनी, रसेड़ा, लाहोद, जनपद पंचायत भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत खोखली, तरेंगा, निपनिया, जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत मटिया, पुटपुरा, चान्दन, जनपद पंचायत पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेरा, तेलासी, जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदेरी एवं रानीजरौद में आधार ऑपरेटर की आवश्यकता है। इच्छुक ऑपरेटर का कोई भी पेनाल्टी राशि भुगतान हेतु लंबित ना हो। यदि पेनाल्टी है तो उस राशि का संलग्न बैंक खाता में भुगतान कर रसीद आवेदन के साथ जमा करेंगे।चिप्स कार्यालय के अनुसार 1 लाख 50 हजार रुपये का राशि सुरक्षा जमा के रुप में डिमांड ड्राफ्ट जिला ई-गवर्नेस सोसायटी को चयन होने के 10 दिन बाद अनिवार्य रुप से जमा करना होगा।ऑपरेटर का पुलिस वेरीफिकेशन प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है।

ऑपरेटर 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए।ऑपरेटर 12 वी उत्तीर्ण या 2 वर्ष आई.टी.आई. या 3 वर्ष डिप्लोमा धारक हो। ऑपरेटर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले का निवासी हो। एक ऑपरेटर एक लोकेशन के लिए ही आवेदन कर सकता है। अधिक जानकारी के लिये जिले की वेबसाईट https://balodabazar.gov.in का अवलोकन कर सकते हैं।

### निधन

#### सुरेश शर्मा



**राजनांदगांव, 2 जुलाई।** सुरेश शर्मा (कचरू शर्मा ) का 65 वर्ष की आयु में कल सुबह 8 बजे अकास्मिक निधन हो गया है सुरेश शर्मा गोविंद शर्मा गोपाल शर्मा के बड़े भाई और अभिषेक शर्मा (भोलू शर्मा) आशीष शर्मा अजितेश शर्मा (देबू शर्मा) के पिता है जिनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान वार्ड नम्बर 12 नरसिंग मंदिर से दोपहर 2 बजे मुक्ति धाम के लिए निकाली गई।

## शराब अवैध परिवहन करते तीन आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव, 2 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना प्रभारी निरीक्षक भूषण चंद्राकर अपने थाना स्टाफ के साथ अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन करने वाले कोचियों/तस्करों पर लगातार नजर रखकर प्रभावी कार्यवाही कर रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 01-07-2026 को मोबाइल के माध्यम से मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि तीन व्यक्ति कटली शराब भट्ठी की ओर से अपने मोटरसाइकिल में अधिक मात्रा में शराब रखकर परिवहन करते हुए आ रहे हैं। सूचना पर थाना डोंगरगढ़ के नेतृत्व में ग्राम बेलगांव चौक, मोहारा जाने के मार्ग पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान आरोपियों के कब्जे से 24 पाव बॉम्बे गोवा अंग्रेजी शराब कुल मात्रा 4.320 बल्क लीटर, 46 पाव देशी मदिरा कुल 70 पौवा, मात्रा 8.280 बल्क लीटर तथा एक मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स क्रमांक छ्त्र 08 ,च 8467, कुल जुमला कीमत 31, 560 रुपये जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 374/2026, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/630/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा दिनांक 01/07/26

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेश हुकुमत राय बत्रा, अनिल बत्रा पिता श्री हुकुमत बत्रा तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र श्री हुकुमत बत्रा पिता श्री मिहलमल बत्रा वार्ड क्र. 06 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मृत्यु सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 06 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक ............ को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/632/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा दिनांक 01/07/26

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आदित्य वर्मा पिता स्व. श्री अशोक वर्मा वार्ड क्रं.19 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नंगर पालिका क्षेत्र श्री प्रहलाद पिता ढ़ोलाराम वार्ड क्रं. 19 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मय मलमा बिक्रीनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहरतांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 19 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिरा किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक ............ को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/634/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा दिनांक 01/07/26

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रविकांत लखवानी पिता स्व. श्री मोहन लाल लखवानी तिल्दा नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र श्रीमती इन्द्र देवी पति स्व. श्री मोहन लाल लखवानी वार्ड क्रं. 05 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मृत्यु सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 05 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक ............ को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**

विकसित भारत जी-राम-जी योजना का शुभारंभ

# ग्रामीण रोजगार, जल संरक्षण, आजीविका संवर्धन और विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 2 जुलाई।** भारत सरकार द्वारा ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी-राम-जी) योजना का शुभारंभ किया जाएगा। यह योजना पूर्व में संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का उन्नत एवं विस्तारित स्वरूप है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को अधिक रोजगार, स्थायी आजीविका एवं मजबूत आधारभूत संरचना उपलब्ध कराना है।

विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी-राम-जी) योजना अंतर्गत पहले की तुलना में अब ग्रामीण परिवारों को 100 दिवस के स्थान पर 125 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे ग्रामीण परिवारों की वार्षिक आय में वृद्धि होगी तथा उन्हें आर्थिक सुरक्षा का एक मजबूत आधार प्राप्त होगा। यह निर्णय ग्रामीण गरीब, मजदूर, किसान एवं युवाओं के लिए नई उम्मीद लेकर आया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य में प्रति श्रमिक दैनिक मजदूरी दर में भी वृद्धि की गई है, जो पूर्व में 261 रूपए प्रति दिवस थी। उसे बढ़ाकर अब 300 रूपए प्रति दिवस कर दिया गया है। इससे श्रमिकों की आय में प्रत्यक्ष बढ़ोतरी होगी तथा ग्रामीण परिवारों को अतिरिक्त आर्थिक संबल प्राप्त होगा। केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए इस महत्वाकांक्षी योजना हेतु 95692 करोड़ रूपए की राशि का प्रावधान किया गया है। जबकि राज्यों की सहभागिता के साथ कुल बजट 1.51 लाख करोड़ रूपए से अधिक का अनुमानित है।

छत्तीसगढ़ राज्य के लिए इस योजना के अंतर्गत कुल 3810 करोड़ 29 लाख रूपए का बजट स्वीकृत किया गया है। जिसमें 2286 करोड़ 18 लाख रूपए केंद्रांश एवं 1524 करोड़ 11 लाख रूपए राज्यांश शामिल है। इस राशि में मजदूरी मद हेतु 1900 करोड़ रूपए, सामग्री मद हेतु 1593 करोड़ 28 लाख रूपए, प्रशासनिक व्यय हेतु 297 करोड़ 1 लाख रूपए तथा सामाजिक अंकेक्षण हेतु 20 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार राजनांदगांव जिले के लिए लगभग 43 लाख मानव दिवस का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिससे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन किया जाएगा।

**Public Notice Regarding Environment Clearance**

The Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India has granted Environment Clearance Identification No. EC25A1005CG5264379N Dated 30.06.2026 for our expansion project DRI Kilns (Sponge Iron from 1,20,000 TPA to 6,48,000 TPA), Induction Furnaces along with CCM & LRF (Hot Billets/Billets/Ingots from 1,23,500 TPA to 4,53,000 TPA), Rolling Mills (TMT bars/Structural Steel/Wire Rod Mill with HB Wire cooled Roll & Strip Mill with Pipe Mill) (85% Hot charging with Hot Billets and remaining 15% through RHF with LDO as fuel from 94,800 TPA to 5,30,400 TPA), WHRB based Power Plant from 8 MW to 44 MW, FBC based Power Plant from 4 MW to 54 MW, Brick Manufacturing unit from80,000 Brick/day 1,50,000 Bricks/day, New 2x9 MVA & 4x6 MVA Ferro Alloys (FeSi- 38900 TPA or FeMn-1,40,000 TPA or SiMn-80,000 TPA or FeCr- 83,500 TPA or Pig Iron-1,40,000 TPA), New Briquetting Unit (1000 Kg/hr.) & New Coal washery unit (6,00,000 TPA) unit at Village- Saraipali, Tahsil-Tamnar, District-Raigarh (CG) the copy of which is available of Ministries website (www.parivesh.nic.in.) as well as RO Raigarh and HO Atal Nagar Nava Raipur of Chhattisgarh Environment Conservation Board.

**Place:- Raigarh**
**Dated:- 30.06.2026**

**M/s Shree Rupanadham Steel Private Limited**
Village- Saraipali, Tahsil-Tamnar, District- Raigarh (CG)

## एक नजर

### छग के किसानों तक पहुँचेंगे आधुनिक कृषि के समाधान

**रायपुर, 2 जुलाई।** इनेरा क्रॉप साइंस और क्रॉपनेक्स्ट सॉल्यूशंस ने उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा के किसानों तक विज्ञान आधारित जैविक कृषि समाधान पहुँचाने के लिए रणनीतिक साझेदारी की है। इसके तहत, दोनों कंपनियाँ आने वाले कई वर्षों तक साथ मिलकर काम करेंगी। इस साझेदारी से करीब 500 करोड़ रुपए के कृषि कारोबार की संभावना है। इसका लक्ष्य 5, 000 से ज्यादा चैनल पार्टनर्स और रिटेल आउटलेट्स के नेटवर्क के जरिए 65 लाख से अधिक किसानों तक पहुँच बनाना है। साथ ही, करीब 20 लाख एकड़ खेती वाले क्षेत्र में जैविक कृषि उत्पादों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने का भी लक्ष्य रखा गया है। छत्तीसगढ़ को इस साझेदारी के प्रमुख राज्यों में शामिल किया गया है, क्योंकि यहाँ धान, मक्का और सब्जियों की खेती बड़े पैमाने पर होती है। इस साझेदारी के जरिए राज्य के किसानों के लिए स्थायी खेती से जुड़े ऐसे समाधान पेश करने की योजना है, जो फसल की पैदावार बढ़ाने, मिट्टी की सेहत बेहतर करने और बदलते मौसम से होने वाली चुनौतियों का बेहतर तरीके से सामना करने में मदद करेंगे।

### वेदांता का सरकारी खजाने में 5 लाख करोड़ का योगदान

**रायपुर, 2 जुलाई।** विविध प्राकृतिक संसाधनों में देश की अग्रणी कंपनी वेदांता लिमिटेड (बीएसईः 500295 और एनएसईः वीईडीएल) ने कंपनी की 11वीं टैक्स ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 26 में सरकारी खजाने में रु 62, 722 करोड़ का योगदान दिया है। यह रिपोर्ट देश के निर्माण और पारदर्शी प्रशासन गवर्नेंस के लिए वेदांता की प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाती है। यह योगदान कंपनी के संचालन से होने वाले कुल राजस्व का 36 फीसदी है, जो भारत के आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाता है। यह पिछले साल की तुलना में योगदान में 13.3 फीसदी की बढ़ोतरी है, जिसके साथ पिछले दस सालों में सरकारी खजाने में वेदांता का कुल योगदान रु4, 83, 034 करोड़ हो गया है। कंपनी ने वित्तीय अनुशासन, राष्ट्र-निर्माण और विकसित भारत मिशन को समर्थन देने पर विशेष रूप से ध्यान दिया है। यह ग्रुप सरकारी खजाने में योगदान देने वाले भारत के टॉप 3 प्राइवेट सेक्टरों के सदनों में शामिल है। सरकारी खजाने में यह योगदान वित्तीय वर्ष 26 में वेदांता के सबसे अच्छे फाइनेंशियल परफॉर्मेंस की वजह से हुआ। इस अवधि में कंपनी का राजस्व 15 फीसदी बढ़कर रु 1, 74, 075 करोड़ हो गया - जो कंपनी के इतिहास में सबसे ज़्यादा है - जबकि म्ठप्ज्क। 29 फीसदी बढ़कर रु55, 976 करोड़ पर पहुंच गया।

### अंजय शुक्ला के जन्मदिन पर आध्यात्मिक व्याख्यान



**रायपुर, 2 जुलाई।** माँ महाकाली मंदिर ट्रस्ट, आकाशवाणी चौक, रायपुर द्वारा आगामी मंगलवार को ट्रस्ट के वरिष्ठ न्यासीऔर 'छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड' के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला के जन्मदिवस पर धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11:00 बजे विशेष हवन-पूजन के साथ हुई। इस शुभ अवसर पर देश के सुप्रसिद्ध एवं विश्व विख्यात पं. विजयशंकर मेहता द्वारा हमारे हनुमान विषय पर एक विशेष आध्यात्मिक व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान में पं. ने हनुमान के जीवन चरित्र और हनुमान चालीसा की आध्यात्मिक ऊर्जा से जीवन प्रबंधन के साथ पारिवारिक जुड़ाव एवं संस्कार को अपनाने की राह दिखाई। उन्होंने अंजय शुक्ला को कार्यक्रम के आयोजन के लिए साधुवाद दिया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वनमंत्री केदार कश्यप जी तकनीकी शिक्षामंत्री गुरु खुशवंत साहेब, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी रायपुर ग्रामीण विधायक मोती लाल साहू, रायपुर पश्चिम विधायक पुरन्दर मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में 700 सहायक प्राध्यापकों की भर्ती जल्द



**रायपुर, 2 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा विभाग ने राज्य में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बड़ा निर्णय लिया है। उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने मंत्रालय में विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश के कालेजों में 700 सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

मंत्री ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के माध्यम से होने वाली प्राध्यापकों की सीधी भर्ती के दस्तावेजों के सत्यापन कार्य में तेजी लाने को कहा है। यह निर्देश दिया गया है कि 31 जुलाई तक स्नातक प्राचार्यों की पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण हो जाए, ताकि नए शिक्षा सत्र में कोई भी कालेज बिना नियमित प्राचार्य के न रहे। साथ ही, वर्ष 2019 से पूर्व के शेष सहायक प्राध्यापकों को 1990 के नियमों के अंतर्गत प्रमोट करने का निर्णय लिया गया है।

राज्य के सुदूर वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयारी को देखते हुए, प्रदेश के कालेजों में 90 घंटे और 90 दिन का एक विशेष 'अंग्रेजी संप्रेषण कोर्स' संचालित किया जाएगा। इसके अलावा, शिक्षा के आधुनिकीकरण के क्रम में अब स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर पर भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को लागू किया जा रहा है।

प्रशासनिक और वित्तीय सुधारों की दिशा में भी सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं। अब किसी भी कालेज को बजट जारी करने के लिए प्रशासनिक अनुमोदन लेना अनिवार्य होगा। विभाग ने 'अपर संचालक' और 'प्राचार्य' के पदों को पृथक करने का निर्णय लिया है। वहीं, प्राचार्यों के कार्यकाल की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लेखा उत्तीर्ण कर्मचारियों की विशेष सेवाओं के माध्यम से ऑडिट कराया जाएगा, ताकि लंबित जांचों का शीघ्र निपटारा हो सके। सहायक ग्रेड-तीन और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियुक्तियां अब राज्य कर्मचारी चयन आयोग के जरिए की जाएंगी।

# रायपुर रेल मंडल के 13 स्टेशनों के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग परियोजना को मंजूरी




**रायपुर, 2 जुलाई।** सिग्नलिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण और परिचालन सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारतीय रेल ने दक्षिण पूर्व मध्य रेल (एसईसीआर) के रायपुर मंडल के दुर्ग-ताडोकी खंड के 13 स्टेशनों पर 226 करोड़ रुपये की लागत से इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) प्रणाली की स्थापना को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना में 13 स्टेशनों पर मौजूदा पैनल इंटरलॉकिंग (पीआई) प्रणाली को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) प्रणाली से बदलना शामिल है, जिससे सुरक्षित, अधिक विश्वसनीय और प्रौद्योगिकी-आधारित ट्रेन परिचालन संभव हो सकेगा।

पैनल इंटरलॉकिंग से इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली में परिवर्तन से इस महत्वपूर्ण खंड पर सिग्नलिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का काफी आधुनिकीकरण होगा, जिससे परिचालन में अनुकूलन और सिस्टम की विश्वसनीयता में सुधार होगा। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली एक अत्याधुनिक सिग्नलिंग तकनीक है जो उन्नत सुरक्षा सुविधाओं को शामिल करते हुए रूट सेटिंग और सिग्नलिंग कार्यों को स्वचालित बनाती है। उन्नत प्रणाली परिचालन दक्षता में सुधार करेगी, सिग्नलिंग विफलताओं की संभावना को कम करेगी और व्यवधानों के दौरान त्वरित बहाली को सक्षम बनाएगी।

यह परियोजना ट्रेन परिचालन की सुरक्षा और विश्वसनीयता को बढ़ाएगी, समय की पाबंदी में सुधार करेगी और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नेटवर्क पर बढ़ते यात्री और माल यातायात को संभालने के लिए एक मजबूत तकनीकी आधार प्रदान करेगी। यह मंजूरी भारतीय रेल के उस मौजूदा कार्यक्रम का हिस्सा है जिसके तहत उन्नत प्रौद्योगिकियों के माध्यम से राष्ट्रीय नेटवर्क में सिग्नलिंग सिस्टम का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिससे सुरक्षित, स्मार्ट और अधिक कुशल रेल परिचालन सुनिश्चित हो सके।

# कलेक्टर गौरव सिंह ने दिलाई नामांकित पार्षदों को शपथ



**रायपुर, 2 जुलाई।** छत्तीसगढ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा रायपुर नगर पालिक निगम में 10 नामांकित पार्षद एल्डरमेन रामकिंकर सिंह, विनय ओझा, मनीष करडभुजे, मित्रसेन धीमान, राजू राधवानी, गोपाल सोना, बी. श्रीनिवास राव , गोपी साहू, विक्रम सिंह ठाकुर, ऋषि साहू को आज रायपुर जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने रायपुर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पद की शपथ दिलवायी।

इस अवसर पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकात राठौड, नगर निगम आयुक्त सबित मिश्रा, रायपुर ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि मैकमिलन साहू, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित नगर निगम रायपुर के एमआईसी सदस्यो, पार्षदो, निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, निगम सचिव सगीता साहू उपस्थिति थीं। छत्तीसगढ़ शासन व्दारा रायपुर नगर निगम के लिए नामांकित किए गए सभी 11 एल्डरमेन 6 जुलाई को निगम की होने जा रही विशेष सामान्य सभा में हिस्सा लेंगे।

# नकटी गांव में घर नहीं लेंगे कांग्रेस विधायक

**रायपुर, 2 जुलाई।** नकटी गांव में प्रस्तावित विधायक आवास परियोजना को लेकर कांग्रेस के भीतर आक्रामकता बढ़ती जा रही है। गरीब परिवारों के मकान हटाकर विधायकों के लिए आवास बनाए जाने के विरोध में अब कांग्रेस के चार विधायकों ने सार्वजनिक रूप से ऐसे आवास लेने से इनकार कर दिया है।

इससे पार्टी के सामने नैतिक और राजनीतिक दोनों तरह की चुनौती खड़ी हो गई है। जानकारी के अनुसार कांग्रेस विधायक जनकराम ध्रुव के बाद महिला विधायक विद्यावती सिदार, चातुरी नंद, जनक ध्रुव और कविता प्राण लहरे ने भी स्पष्ट कर दिया है कि वे ऐसे आवास को स्वीकार नहीं करेंगी, जिसके लिए गरीबों को विस्थापित करना पड़े। इन विधायकों का कहना है कि किसी भी जनप्रतिनिधि का घर गरीबों के आशियाने की कीमत पर नहीं बनना चाहिए।

इस मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने पार्टी विधायकों से अपील की है कि वे नकटी में प्रस्तावित आवास लेने से इंकार करें। बैज का कहना है कि सरकार के पास पर्याप्त खाली जमीन उपलब्ध है, इसलिए गरीबों के घर उजाड़कर विधायकों के लिए कॉलोनी बनाने का कोई औचित्य नहीं है। उनका कहना है कि सरकार चाहें तो दूसरी जगह भी आवास परियोजना विकसित कर सकती है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि इस मामले को केवल राजनीतिक विरोध के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता के मुद्दे के रूप में देखा जाना चाहिए। पार्टी का मानना है कि गरीबों का पुनर्वास सुनिश्चित किए बिना उनके घरों को हटाना न्यायसंगत नहीं होगा। उधर, पार्टी के कुछ नेताओं का यह भी कहना है कि यदि सरकार वास्तव में विधायक आवास बनाना चाहती है तो पहले प्रभावित परिवारों का सम्मानजनक पुनर्वास किया जाए और उसके बाद ही किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर परियोजना को आगे बढ़ाया जाए। उनका तर्क है कि विकास और जनसुविधाओं के नाम पर गरीबों के हितों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

### कांग्रेस विधायक दल की बैठक

सूत्रों के मुताबिक इस पूरे मामले पर जल्द ही कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई जा सकती है। बैठक में सभी विधायकों की राय लेकर पार्टी की ओर से एक साझा निर्णय लिया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि विधायक दल नकटी परियोजना के वर्तमान स्वरूप का विरोध करते हुए सरकार से वैकल्पिक जमीन पर विधायक आवास बनाने की मांग कर सकता है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भी संकेत दिए हैं कि इस विषय पर विधायक दल के भीतर विस्तार से चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी भी विधायक के अंतिम निर्णय की आधिकारिक जानकारी नहीं है, लेकिन सभी साथियों से बातचीत के बाद सामूहिक रुख तय किया जाएगा। कांग्रेस के भीतर यह भी चर्चा है कि यदि पार्टी इस मुद्दे पर स्पष्ट और एकजुट रुख अपनाती है तो यह सरकार पर नैतिक दबाव बना सकता है। कई नेताओं का मानना है कि जनता के बीच यह संदेश जाना चाहिए कि कांग्रेस गरीबों के अधिकारों के साथ खड़ी है और उनके आशियाने की कीमत पर किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए सुविधा नहीं चाहती।

# लक्ष्मीनारायण कन्या स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**रायपुर, 2 जुलाई।** लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरुकुल परिसर कालीबाड़ी रोड रायपुर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन गुरुकुल प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बाल सरंक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉक्टर वर्णिका शर्मा उपस्थित हुई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि तरल मोदी अध्यक्ष भातखण्डे ललितकला शिक्षा समिति एवं अध्यक्षता अजय तिवारी उपाध्यक्ष ने किया। समिति की सचिव शोभा खण्डेलवाल, गुरुकुल महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर संध्या गुप्ता के साथ कमलादेवी संगीत महाविद्यालय की प्राचार्या आरती सिंह विशेष रूप से उपस्थित हुईं। प्रवेश उत्सव में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया। प्राचार्या मनीषा गहोई ने स्वागत भाषण के साथ प्रतिवेदन प्रतुत करते हुए अथितियों का स्वागत किया। अथितियों द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर मुँह मीठा करवाया गया उन्हें कॉपी पुस्तक पेन वितरित किया गया।

बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए मुख्य अथिति एवम अन्य अतिथियों द्वारा आशीर्वचन उदबोधन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सादिका सुल्ताना सिद्दिकी शिक्षिका ने किया। इस अवसर पर शाल श्रीफल से अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यालय की समस्त शिक्षिका, कर्मचारियों के साथ अध्ययनरत छात्राएं उपस्थिति होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। पालक समिति के अध्यक्ष हेमकरन देवांगन, उपाध्यक्ष गौरी सोनकर ईंधन कलिहारी उपस्थित हुए।

### जी राम जी योजना प्रदेश में खुशहाली और विकास का नया अध्याय लिखेगी : देव



**रायपुर, 2 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने 01 जुलाई से छत्तीसगढ़ में बहुप्रतीक्षित 'विकसित भारत : जी राम जी' योजना के विधिवत अमल में आने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसका स्वागत किया है। देव ने इस जनकल्याणकारी योजना की शुरुआत के लिए केंद्र व राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश के विकास में एक मील का पत्थर बताया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष देव ने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को धरातल पर उतारने की दिशा में एक बड़ा और प्रभावी कदम है। 01 जुलाई से इस योजना के लागू होने के साथ ही छत्तीसगढ़ के आम जनमानस, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव की शुरुआत होने जा रही है। यह योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने के मूल मंत्र पर आधारित है। 'जी राम जी' योजना के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे, रोजगार के नए अवसरों और जनकल्याणकारी सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा। देव ने कहा कि भाजपा की सरकार जो कहती है, वो करती है। 01 जुलाई की यह तारीख छत्तीसगढ़ के इतिहास में खुशहाली और प्रगति के नए अध्याय के रूप में दर्ज होगी। यह सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने और प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा करने का एक सशक्त माध्यम है।

### डायल-112 में तैनात आरक्षक निलंबित

**रायपुर, 2 जुलाई।** रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के मध्य क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने वाले एक आरक्षक पर बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस उपायुक्त (मध्य क्षेत्र) उमेश प्रसाद गुप्ता ने डायल-112 में तैनात आरक्षक संदीप शर्मा (क्रमांक 1250) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, 30 जून 2026 की रात लगभग 11 बजे सिटी सेंटर मॉल के सामने सर्विस रोड पर कार और बाइक की दुर्घटना की सूचना मिलने के बावजूद आरक्षक संदीप शर्मा घटनास्थल पर विलंब से पहुंचे। साथ ही मौके पर उनके आचरण को भी अनुचित पाया गया।

इसी को गंभीर कदाचार मानते हुए पुलिस उपायुक्त ने आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केंद्र रायपुर संबद्ध करने के आदेश जारी किए हैं। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा। आदेश में थाना प्रभारी देवेंद्र नगर को पूरे मामले की प्राथमिक जांच कर 7 दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि ड्यूटी में लापरवाही और अनुशासनहीनता को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कैट ने किया चिकित्सकों और सीए का सम्मान



**रायपुर, 2 जुलाई।** कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के अवसर पर प्रदेश कार्यालय, रायपुर में गरिमामय चिकित्सक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर समाज एवं राष्ट्र के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक और चार्टर्ड अकाउंटेंट समाज के ऐसे दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जिनके ज्ञान, सेवा, समर्पण एवं नैतिक मूल्यों पर समाज का विश्वास कायम है। चिकित्सक मानव जीवन की रक्षा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा का दायित्व निभाते हैं, वहीं चार्टर्ड अकाउंटेंट आर्थिक पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और सुशासन को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों ही वर्ग अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देकर राष्ट्र के विकास में निरंतर योगदान दे रहे हैं।

**फेरबदल** | रायपुर में तहसील कार्यालयों को लेकर बड़ा प्रशासनिक आदेश जारी

# 5 तहसीलदारों समेत 9 अधिकारियों के तबादले




**रायपुर, 2 जुलाई।** रायपुर में कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। जारी आदेश के तहत 5 तहसीलदारों सहित कुल 9 अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया गया है।

रायपुर में तहसील कार्यालयों को लेकर बड़ा प्रशासनिक आदेश जारी किया गया है। जारी लिस्ट के अनुसार 5 तहसीलदारों समेत कुल 9 अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया गया है। नरेंद्र वर्मा को रायपुर का नया नजूल तहसीलदार बनाया गया है। प्रशासन ने तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के इस फेरबदल को प्रशासनिक कसावट और राजस्व कार्यों में तेजी लाने की दिशा में अहम कदम बताया है।

#### कई प्रमुख तहसीलदारों के प्रभार बदले

धरसींवा के तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे को अब आरंग तहसील कार्यालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, रायपुर के नजूल तहसीलदार राजकुमार साहू को धरसींवा का नया तहसीलदार बनाया गया है। इसके अलावा अभनपुर के अतिरिक्त तहसीलदार सृजन सोनकर को खरोरा तहसील भेजा गया है। गोबरा नवापारा के तहसीलदार विक्रांत सिंह राठौर का तबादला मंदिर हसौद किया गया है, जबकि खरोरा के तहसीलदार चंद्रशेखर मंडई अब गोबरा नवापारा के नए तहसीलदार होंगे।

#### नायब तहसीलदारों के प्रभार में भी बदलाव

कलेक्टोरेट से जारी आदेश में नायब तहसीलदारों के प्रभार में भी बदलाव किया गया है। आरंग के नायब तहसीलदार गजानंद सिदार को अभनपुर भेजा गया है। वहीं, तिल्दा में पदस्थ नायब तहसीलदार तोमन कुमार को समौदा (आरंग) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन का कहना है कि इस फेरबदल का उद्देश्य राजस्व मामलों का त्वरित निराकरण और मैदानी स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत करना है।

प्रशासन ने भू-अभिलेख शाखा में पदस्थ सहायक अधीक्षकों को भी मैदानी जिम्मेदारी सौंपी है। सहायक अधीक्षक (भू-अभिलेख) अजय कुमार पांडे को नायब तहसीलदार बनाकर तिल्दा-नेवरा में पदस्थ किया गया है। वहीं, भू-अभिलेख शाखा के सहायक अधीक्षक नरेंद्र वर्मा को रायपुर का नया नजूल तहसीलदार नियुक्त किया गया है। कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने जारी आदेश में कहा गया है कि यह व्यवस्था आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से प्रभावी रहेगी। प्रशासनिक स्तर पर इस फेरबदल को जिले की राजस्व व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# महिला मोर्चा की नवनियुक्त कार्यकारिणी का सम्मान



**रायपुर, 2 जुलाई।** आज पंडरी स्थित गुरु गोविंद सिंह वार्ड क्रमांक 29 के पार्षद कैलाश बेहरा के कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी शंकर नगर मंडल की नवनियुक्त महिला मोर्चा अध्यक्ष उमा रात्रे अपनी नवगठित कार्यकारिणी के साथ भेंट हेतु पहुँचीं। इस अवसर पर पार्षद कैलाश बेहरा ने महिला मोर्चा अध्यक्ष उमा रात्रे एवं उनकी कार्यकारिणी का भारतीय जनता पार्टी का दुपट्टा पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया तथा सभी पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। पार्षद कैलाश बेहरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में महिलाओं की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। इस अवसर पर पूर्व महिला मोर्चा मंडल अध्यक्षा एवं वर्तमान महिला मोर्चा जिला सह-कार्यालय मंत्री मीना सेन, उपाध्यक्ष आरती साहू, उपाध्यक्ष अमिता साहू, महामंत्री गायत्री चंद्राकर, सह-संयोजिका प्रेम बाई दीवान तथा कार्यकारिणी सदस्य सेवती साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26